दैनिक लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



एन्टरटेनमेंट, थ्रिल, सस्पेंस का मिशन...



श्रद्धा कपूर की जिन्दगी में फिर लौटा प्यार....

वर्ष : 09 | अंक : 302 | लखनऊ, 08 अक्टूबर, रविवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 27.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 64,948.66

निफटी 19,310.15

# भारत ने एशियाई खेलों में इतिहास में पहली बार 100 पदक जीते

## पीएम मोदी ने कहा 'महत्वपूर्ण उपलब्धि'

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, एशियाई खेल 2023 भारत के लिए एक उल्लेखनीय आयोजन रहा है, जिसमें देश के एथलीटों ने अपना कौशल दिखाया और प्रभावशाली पदक घर लाए। भारत ने 7 अक्टूबर, 2023 को 25 स्वर्ण, 35 रजत और 40 कांस्य जीतकर 100 पदकों की ऐतिहासिक संख्या को छुआ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को चीन के हांगझू में एशियाई खेलों में ऐतिहासिक 100 पदक जीतने पर भारत के प्रदर्शन की सराहना की। भारत का नाम रोशन करने वाले एथलीटों को बधाई देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि खेलों में उनका प्रदर्शन विस्मयकारी था।

### पीएम मोदी ने एशियाई खेलों में भारत के 100 पदक जीतने की सराहना की

एशियाई खेलों में भारत के सौ पदक पूरे होने को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वह भारतीय दल का 10 अक्टूबर को स्वागत करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया , हर अद्भुत प्रदर्शन ने इतिहास रचा और हमारा ह्रदय गर्व से भर दिया। मैं दस अक्टूबर को हमारे एशियाई खेलों के दल का स्वागत करूंगा और खिलाड़ियों से बात करूंगा। उन्होंने कहा कि भारत के लोग रोमांचित हैं कि हमने 100 पदकों की उपलब्धि हासिल की। उन्होंने कहा , एशियाई खेलों में भारत के लिये महत्वपूर्ण उपलब्धि। मैं हमारे शानदार खिलाड़ियों को बधाई देता हूं जिनके प्रयासों से भारत ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। भारत ने आज 25 स्वर्ण, 35 रजत और 40 कांस्य सहित 100 पदकों की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। आज सुबह, भारतीय दल ने तीरंदाजी और महिला कबड्डी में लगातार तीन स्वर्ण पदक जीतकर देश की पदक तालिका को तीन अंकों के पार पहुंचाया। तीरंदाज ज्योति वेन्नम और प्रवीण ओजस ने अपने-अपने व्यक्तिगत कंपाउंड इवेंट में स्वर्ण पदक जीता, जबकि महिला कबड्डी टीम ने रोमांचक फाइनल मैच में चीनी ताइपे को हराकर पीला पदक जीता और भारत के लिए 100 अंक बनाए। 2018 एशियाई खेलों में भारत ने जकार्ता-पालेमबांग में कुल 70 पदक जीते। इस बार, हांग्जो में, वे एक पायदान ऊपर चले गए, तीन अंकों का आंकड़ा छू लिया।





## सीएम योगी ने दी शुभकामनाएं

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ,** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय महिला कबड्डी टीम को एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी है। भारतीय महिला कबड्डी टीम ने शनिवार को एशियाई खेलों में जैसे ही स्वर्ण पदक जीता इसी के साथ चीन के हांग्जो में आयोजित हो रहे एशियाई गेम्स में भारत के 100 मेडल पूरे हो गए। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कंपाउंड तीरंदाजी फाइनल में खिलाड़ियों द्वारा दो पदक जीते जाने पर भी शुभकामनाएं दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने लिखा कि एशियन गेम्स में कंपाउंड तीरंदाजी में खिलाड़ियों को ऐतिहासिक उपलब्धि मिली है।प्रवीण ओजस देवताले ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि अभिषेक ने रजत पदक जीता, जिन्में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है।बता दें कि कंपाउंड तीरंदाजी का मुकाबला शनिवार सुबह खेला गया जिसमें ओजस प्रवीण देवता लेने अभिषेक वर्मा को माता देकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया है। अभिषेक वर्मा ने रजत पदक हासिल किया। यह मुकाबला बेहद रोचक था जो गुरु और शिष्य के बीच में था। इस मुकाबले में 21 वर्ष के वर्ल्ड चैंपियन ओजस प्रवीण देवता लेने 34 वर्षीय अभिषेक वर्मा को 149-147 से मात दी। बता दें कि ओजस प्रवीण देवताले पुरूष टीम और मिक्स्ड डबल्स में स्वर्ण पदक जीत चुके है। गौरतलब है कि एशियन गेम्स में इस बार भारत ने 100 मेडल हासिल करने का लक्ष्य रखा था। भारत ने इस लक्ष्य को सफलता के साथ हासिल कर लिया है। महिला कबड्डी टीम ने जैसे ही शनिवार को गोल्ड मेडल जीता वैसे ही भारत की झोली में एशियन खेलों में 100 मेडल पूरे हो गए है।

## भारत-पाकिस्तान के 14 अक्टूबर वाले मैच के लिए अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है: गुजरात पुलिस

गुजरात के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पर हमले की धमकी का ईमेल मिलने की खबरों के बीच अहमदाबाद पुलिस ने शनिवार को कहा कि अगले सप्ताह होने वाले भारत-पाकिस्तान मुकाबले के लिए मैदान पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी तथा लोगों को इससे डरने की जरूरत नहीं है। गुजरात के अहमदाबाद में स्थित यह स्टेडियम मौजूदा विश्व कप के आयोजन स्थलों में से एक है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त चिराग कोराडिया ने कहा कि 14 अक्टूबर को भारत-पाकिस्तान मैच के लिए अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है। क्रिकेट के मैदान पर दोनों देशों के आमने-सामने होने से भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि जनता को उस ईमेल से घबराने की कोई जरूरत नहीं है, जिसमें एक अज्ञात व्यक्ति ने कथित तौर पर प्रधानमंत्री को नुकसान पहुंचाने और नरेन्द्र मोदी स्टेडियम को उड़ाने की धमकी दी है। कोराडिया ने कहा, अन्य मैचों की तुलना में आगामी भारत-पाकिस्तान मैच के लिए अधिक गहन सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश लगाने को लेकर समिति गठित करें: उच्च न्यायालय

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने शुक्रवार को मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि पूरे राज्य में ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश लगाने के वास्ते एक प्रभावी तंत्र विकसित करने के लिए सभी संबंधित विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों की एक समिति गठित की जाए। न्यायमूर्ति ए आर मसूदी और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने वर्ष 2021 में स्वतः संज्ञान लेकर दर्ज की गयी एक जनहित याचिका पर यह आदेश पारित किया। पीठ ने कहा कि उसे अगली सुनवाई तक इस बात से अवगत कराया जाए कि क्या पहले गठित किसी समिति ने ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए ऐसी कोई व्यवस्था बनाई है। पीठ ने विभिन्न माध्यमों से हो रहे ध्वनि प्रदूषण के खतरे पर चिंता व्यक्त की।

### गोपाल राय ने दिल्ली में धूल-कण प्रदूषण की रोकथाम के लिए महीने भर का अभियान शुरू किया

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने राष्ट्रीय राजधानी में धूल-कण प्रदूषण की रोकथाम के लिए शनिवार को महीने भर का एक अभियान शुरू किया और कहा कि संबद्ध नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। केंद्र के वायु गुणवत्ता पैनल ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के प्राधिकारों को विभिन्न होटल एवं रेस्तरां में कोयले के इस्तेमाल पर रोक लगाने तथा प्रदूषणकारी उद्योगों एवं ताप बिजली संयंत्रों के खिलाफ दंडात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया था क्योंकि दिल्ली में वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में पहुंच गयी है। यह कदम केंद्र सरकार की प्रदूषण नियंत्रण योजना के तहत उठाया गया है। यह योजना क्रमबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना के नाम से जानी जाती है और इसे सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए लागू किया जाता है। राय ने कहा कि खराब होती वायु गुणवत्ता के मद्देनजर धूल-कण विरोधी अभियान शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा, इसमें 500 वर्गमीटर से अधिक दूरी पर सभी स्थानों पर धूल-कण नियंत्रण उपकरण लगाया जाना शामिल है तथा वेबपोर्टल के माध्यम से वास्तविक समय पर उसकी निगरानी की जाएगी। राय दिल्ली में बहुत अधिक वायु प्रदूषण वाले 13 स्थानों में शामिल वजीरपुर का निरीक्षण भी किया। उससे पहले निगरानी एजेंसियों ने वहां पीएम 10 में वृद्धि की रिपोर्ट दी थी। अधिकारियों ने पर्यावरण मंत्री को बताया कि प्रदूषण के स्तर में वृद्धि के पीछे की वजह अवैध पार्किंग, भीड़भाड़ एवं निर्माण कार्य है। मंत्री ने सभी संबंधित विभागों को क्षेत्र में प्रदूषण कम करने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि धूल-कण नियंत्रण नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए 591 टीम गठित की गयी हैं, 530 वाटर स्प्रिंकलर (जल छिड़काव मशीनों) की मदद ली जा रही है तथा 258 धूल-कण रोधी सचल उपकरणों की भी सेवा ली जाएगी।

# गोपाल राय ने दिल्ली में धूल-कण प्रदूषण की रोकथाम के लिए महीने भर का अभियान शुरू किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने राष्ट्रीय राजधानी में धूल-कण प्रदूषण की रोकथाम के लिए शनिवार को महीने भर का एक अभियान शुरू किया और कहा कि संबद्ध नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। केंद्र के वायु गुणवत्ता पैनल ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के प्राधिकारों को विभिन्न होटल एवं रेस्तरां में कोयले के इस्तेमाल पर रोक लगाने तथा प्रदूषणकारी उद्योगों एवं ताप बिजली संयंत्रों के खिलाफ दंडात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया था क्योंकि दिल्ली में वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में पहुंच गयी है। यह कदम केंद्र सरकार की प्रदूषण नियंत्रण योजना के तहत उठाया गया है। यह योजना क्रमबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना के नाम से जानी जाती है और इसे सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए लागू किया जाता है। राय ने कहा कि खराब होती वायु गुणवत्ता के मद्देनजर धूल-कण विरोधी अभियान शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा, इसमें 500 वर्गमीटर से अधिक दूरी पर सभी स्थानों पर धूल-कण नियंत्रण उपकरण लगाया जाना शामिल है तथा वेबपोर्टल के माध्यम से वास्तविक समय पर उसकी निगरानी की जाएगी। राय दिल्ली में बहुत अधिक वायु प्रदूषण वाले 13 स्थानों में शामिल वजीरपुर का निरीक्षण भी किया। उससे पहले निगरानी एजेंसियों ने वहां पीएम 10 में वृद्धि की रिपोर्ट दी थी। अधिकारियों ने पर्यावरण मंत्री को बताया कि प्रदूषण के स्तर में वृद्धि के पीछे की वजह अवैध पार्किंग, भीड़भाड़ एवं निर्माण कार्य है। मंत्री ने सभी संबंधित विभागों को क्षेत्र में प्रदूषण कम करने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि धूल-कण नियंत्रण नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए 591 टीम गठित की गयी हैं, 530 वाटर स्प्रिंकलर (जल छिड़काव मशीनों) की मदद ली जा रही है तथा 258 धूल-कण रोधी सचल उपकरणों की भी सेवा ली जाएगी।

# राजस्थान सरकार भी बिहार की तरह जाति आधारित गणना करायेगी : गहलोत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार रात को बिहार की तरह राजस्थान में भी जाति आधारित गणना करवाने की घोषणा की। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वार रूम में शुक्रवार को कांग्रेस की कोर कमेटी की बैठक में जाति आधारित गणना, पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना यात्रा सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर रंधावा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और अन्य नेता मौजूद रहे। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा, राजस्थान सरकार भी बिहार की तरह जाति आधारित गणना करवायेगी। उन्होंने कहा राहुल गांधी जी बार-बार कह रहे हैं, जितनी जिसकी जनसंख्या है उसकी भागीदारी उतनी होनी चाहिए..हम इस अवधारणा को आगे बढ़ाएंगे। इसलिए हमने फैसला किया है कि पार्टी के निर्णय को ध्यान में रखते हुए राजस्थान सरकार को इस अभियान की घोषणा करनी चाहिए। हमारी पार्टी की जो मंशा है वो सामने लायी जानी चाहिए। उन्होंने कहा देश के अंदर विविध जातियां है.. विविध धर्म के लोग रहते हैं जातियां अलग-अलग काम करती हैं, तो अगर मालूम पड़ेगा कि किस जाति की कितनी जनसंख्या है, तो मालूम पड़ेगा कि हमें क्या योजनाएं इनके लिये बनानी हैं। हमारे लिए जाति के अनुसार योजना बनाना आसान हो जाएगा। प्रदेश प्रभारी सुखजिदंर सिंह रंधावा ने कहा, हमने बैठक में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) की यात्रा के बारे में चर्चा के साथ-साथ जाति आधारित गणना पर चर्चा की है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि पार्टी के चुनावी अभियान में हमारा जो नारा होगा वह है काम किया दिल से.. कांग्रेस फिर से क्योंकि यहां ऐतिहासिक काम हुये हैं। उन्होंने कहा, हम लोग सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक और करेंगे जिसमें ईआरसीपी की यात्रा पर चर्चा की जायेगी।

# बेवजह लॉकअप में डालने पर कोर्ट ने पुलिस वालों पर ही 50000 का जुर्माना लगा दिया

## फ्री बिज पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कोर्ट में इस हफ्ते क्या कुछ हुआ

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट से लेकर लोअर कोर्ट तक के वीकली राउंड अप में इस सप्ताह कानूनी खबरों के लिहाज से काफी उथल-पुथल वाला रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार जाति सर्वेक्षण पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। दो महीने की भी है सरकारी नौकरी तो मिलेगा आरक्षण, केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कैसे होगा लागू। रेवड़ी कल्चर पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, राजस्थान और मध्य प्रदेश को नोटिस भेजा। शराब घोटाला केस में सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से पूछे सख्त सवाल। इस हफ्ते यानी 2 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक क्या कुछ हुआ? कोर्ट के कुछ खास ऑर्डर/जजमेंट और टिप्पणियों का विकली राउंड अप आपके सामने लेकर आए हैं। कुल मिलाकर कहें तो आपको इस सप्ताह होने वाले भारत के विभिन्न न्यायालयों की मुख्य खबरों के बारे में बताएंगे।

### जाति जनगणना को लेकर सुप्रीम कोर्ट का रोक से इनकार



सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को राज्य में उसके द्वारा किए गए जाति सर्वेक्षण के आधार पर आगे निर्णय लेने से रोकने की याचिका खारिज कर दी और कहा कि किसी सरकार को नीतिगत निर्णय लेने से रोकना गलत होगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि जाति सर्वेक्षण कराने के राज्य के फैसले को बरकरार रखने वाला पटना हाई कोर्ट का फैसला बहुत विस्तृत था और इसे दी गई चुनौती पर विस्तार से सुनवाई होनी चाहिए। जैसा कि याचिकाकताओं ने राज्य को यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश देने की जोरदार अपील की, पीठ ने कहा कि ऐसा आदेश पारित करना सही नहीं होगा क्योंकि डेटा बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि नीतिगत निर्णय डेटा के आधार पर लिए जाते हैं। पीठ ने कहा कि हम राज्य सरकार को नहीं रोक सकते। सरकार को नीतिगत फैसले लेने से रोकना गलत होगा।

सरकारी विभागों में कॉन्ट्रैक्ट नौकरियों में भी आरक्षण मिलेगा। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में ये जानकारी दी। सरकारी अनुबंध नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षण के कार्यान्वयन की कमी के बारे में चिंता जताते हुए एक जनहित याचिका में सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है कि सभी मंत्रालयों और विभागों को पहले ही आदेश पारित कर दिया गया है।

# बाढ़ प्रभावित सिक्किम में फंसे मेघालय के 26 छात्रों को बचाया गया : अधिकारी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, बाढ़ प्रभावित सिक्किम में फंसे मेघालय के 26 छात्रों को सफलतापूर्वक निकाल लिया गया है और वे शिलांग पहुंच रहे हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। बचाव अभियान में शामिल एक अधिकारी ने पीटीआई-को बताया कि ये 26 छात्र पांच वाहनों में सवार होकर सिक्किम के मजीतर से निकले और वे शुक्रवार मध्यरात्रि तक पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी पहुंचे। उन्होंने कहा, छात्रों को शिलांग लाने के लिए शुक्रवार रात को ही सिलीगुड़ी से एक बस की व्यवस्था की गई। मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा ने सोशल मीडिया मंचएक्स पर कहा, मेघालय के 26 छात्रों को लेकर एक बस शुक्रवार शाम सिक्किम के मजीतर से सिलीगुड़ी के लिए रवाना हुई। बस कोकराझार को पार कर गई है और शिलांग के रास्ते पर है। हमारे छात्रों को सुरक्षित देखकर खुशी हुई। उन्होंने कहा कि सिक्किम में पढ़ रहे मेघालय के छात्रों ने राज्य में बाढ़ की मौजूदा स्थिति के कारण घर लौटने में सहायता के लिए उनसे संपर्क किया था। बुधवार को सिक्किम में ल्होनक झील के ऊपर बादल फटने से तीस्ता नदी में अचानक आई बाढ़ के बाद मची तबाही में अब तक सेना के सात जवानों समेत 26 लोगों की मौत हो चुकी है और 142 लोग लापता हैं।

# टीएमसी का अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा, प्रतिनिधिमंडल दार्जिलिंग में राज्यपाल से मिलेगा: अभिषेक

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल दार्जिलिंग में शनिवार को राज्यपाल सीवी आनंद बोस के बुलावे पर उनसे मिलेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राजभवन के बाहर अनिश्चितकालीन धरना तब तक जारी रहेगा जब तक राजभवन के अधिकारी प्रदर्शनकारियों से नहीं मिलते। राजभवन के सूत्रों ने कहा कि बोस ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता डेरेक ओ ब्रायन की ओर से ईमेल मिलने के बाद शनिवार शाम साढ़े पांच बजे दार्जिलिंग स्थित राज्यपाल आवास में पार्टी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल से मिलने का फैसला किया है।

प्रतिनिधिमंडल से मिलने का राज्यपाल का निर्णय केंद्र द्वारा पश्चिम बंगाल के मनरेगा का बकाया जारी करने और बोस से मुलाकात की मांग को लेकर बनर्जी के नेतृत्व में टीएमसी के धरने के मद्देनजर आया है। राज्यपाल के उपसचिव की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है, छह अक्टूबर के आपके ईमेल के संदर्भ में, मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश मिला है कि राज्यपाल सात अक्टूबर को शाम साढ़े पांच बजे राजभवन, दार्जिलिंग में आपसे और प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों से मुलाकात करना चाहते हैं। आपसे अनुरोध है कि राज्यपाल से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों के नामों की सूची भेजने की कृपा करें। इससे पहले दिन में, तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन ने राज्यपाल को ईमेल भेजकर उनसे मुलाकात का अनुरोध किया था।

सांसद ने कहा, कृपया प्रतिनिधिमंडल से मिलने के लिए हमें सुविधाजनक तारीख और समय बताएं। अगर हमें एक दिन का समय दिया जाए तो हम आभारी होंगे, क्योंकि कोलकाता और दार्जिलिंग के बीच की दूरी लगभग 700 किलोमीटर है। कृपया यात्रा के समय को ध्यान में रखें।

# बच्चों में कुपोषण और पढ़ाई बीच में छोड़ने की समस्या का हल प्राथमिकता से करें: शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों से बच्चों में कुपोषण और स्कूली बच्चों की पढ़ाई बीच में छोड़ने की दर (ड्रॉप आउट दर) जैसी समस्याओं को प्राथमिकता से लेने का आहवान किया। ऋषिकेश के निकट टिहरी जिले के नरेंद्रनगर में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 24 वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए एक महत्वपूर्ण कदम के तहत पूरे देश में किसानों से 100 प्रतिशत दलहन, तिलहन और मक्का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नाफेड) द्वारा खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि लाख उत्पादन को पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना में शामिल किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि किसानों को क्रेडिट कार्ड दिए जाएंगे जिससे लाख उत्पादन से जुड़े किसानों को लाभ होगा। शाह ने सहकारिता, कुपोषण तथा स्कूली बच्चों की पढ़ाई बीच में छोड़ने की दर जैसे मुद्दों को प्राथमिकता से लेने और सभी सदस्या राज्यों से इसपर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने बच्चों में कुपोषण समाप्त करने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा, इस समस्या को पूरी संवेदनशीलता के साथ दूर करना हम सबकी जिम्मेदारी है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा सहकारी संघवाद की भावना को मजबूत करने पर बल दिया है जिसके तहत क्षेत्रीय परिषदों ने समस्याओं का समाधान निकालने, वित्तीय समावेशिता बढ़ाने और नीतिगत बदलावों में कैटेलिस्ट की भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि इन राज्यों ने मोदी के टीम इंडिया की अवधारणा को जमीन पर उतारा है। बैठक में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे जबकि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज चौहान ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू तथा अनेक केंद्रीय और राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कोदो और कुटकी का मूल्य रागी के एमएसपी के बराबर तय करने का निर्णय लिया गया। शाह ने कहा, इस फैसले से देश भर के करोड़ों किसानों को लाभ होगा, खासकर मध्य क्षेत्रीय परिषद के सदस्य राज्यों के किसानो को। बैठक में पांच किलोमीटर के दायरे में हर गांव को बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने, रॉयल्टी और खनन से संबंधित मुद्दों और वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों में बुनियादी ढांचे के विकास जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

## बाइक मांगकर गायब हो जाने की रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** बिजनौर के मुल्लाही खेड़ा निवासी तुलसीराम उर्फ नन्हक्के ने यही के नटकुर गांव में रहने वाले देशराज के बेटे संतोष के ऊपर बाइक लेकर गायब हो जाने का आरोप लगाया है। तुलसीराम का कहना है कि वह 27 सितंबर की शाम करीब 8:30 बजे अपनी बाइक ( यूपी 32 बीजे 2903 ) से घर जा रहा था। तभी रास्ते में सूरज कबाड़ी की दुकान के सामने मिले संतोष ने उससे यह कहकर उसकी बाइक मांग ली कि अभी थोड़ी देर में आ रहा हूं। लेकिन तुलसीराम का कहना है कि काफी इंतजार के बाद भी संतोष उसकी बाइक लेकर नहीं आया। उसके बाद तुलसीराम ने उसकी काफी खोज बीन की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। इस पर तुलसीराम ने संतोष के खिलाफ बेईमानी की नीयत से बाइक ले जाने की बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## दिनदहाड़े एयरपोर्ट पर तैनात महिला क्लर्क के माकन से गहने और जरूरी कागजात ले उड़े चोर

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर तैनात महिला क्लर्क की गैर मौजूदगी में शुक्रवार को चोरों ने उसके मकान से कीमती गहने और जरूरी कागजात चोरी कर लिए। जानकारी होने के बाद पीड़िता ने सरोजनीनगर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर के एयरपोर्ट कॉलोनी, हिंद नगर निवासी स्व. यशपाल सिंह चौहान की पत्नी सुशीला सिंह के मुताबिक वह लखनऊ एयरपोर्ट पर हैंगर विभाग में क्लर्क पद पर तैनात हैं। सुशीला का कहना है कि शुक्रवार सुबह करीब 11:45 बजे वह अपने घर से ड्यूटी पर चली गई। शाम 5:30 बजे जब वापस घर पहुंची और ताला खोलकर अंदर गई तो देखा कि अंदर कमरे में रखी अलमारी और लकड़ी के शोकेस का दरवाजा खुला पड़ा मिला। उनके अंदर रखा सारा सामान बिखरा पड़ा होने के साथ ही सुशीला व उनकी बेटी के कीमती गहने, बैंक की एफडी और पोस्ट ऑफिस की एफडी गायब मिली। सुशील ने आनन फानन इसकी सूचना सरोजनीनगर पुलिस को दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए चोरों का सुराग लग रही है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम व एडीसीपी ने सुनी फरियादियों की शिकायतें

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** मोहनलालगंज तहसील में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी हनुमान प्रसाद मौर्य व एडीसीपी ट्रैफिक अजय कुमार ने एसीपी गोसाईगंज पकंज कुमार सिंह, तहसीलदार आनन्द तिवारी समेत सभी विभागो के अधिकारियों की मौजूदगी में फरियादियों की शिकायतें सुनी। मोहनलालगंज तहसील में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एडीसीपी ट्रैफिक अजय कुमार से शिकायत करते हुये मजदूर राजेश निवासी कनकहा ने बताया वो अपनी भाभी के साथ तेलीबाग से मजदूरी कर बीते गुरूवार की देर शाम साइकिल से घर जा रहा था तभी कनकहा पुल के पास शराब के नशे में धुत मुकेश ने ई रिक्शा से उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर लगते ही वो ओर भाभी छिटककर दुर जा गिरे ओर गम्भीर रूप से घायल हो गयें, जिसके बाद मौके पर पहुंचे परिजन घायल हालत में इलाज के लिये सीएचसी लेकर गये, जब ई रिक्शा से टक्कर मारने वाले मुकेश के घर पहुंचकर इलाज कराने की बात कही तो तीनो भाईयो ने धमकाकर भगा दिया ।पूरे मामले की कनकहा चौकी व कोतवाली पुलिस से शिकायत की तो उसने भी कोई कार्यवाही नही की ।एडीसीपी ने मोहनलालगंज इंस्पेक्टर को तत्काल मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही के निर्देश दियें ।दूसरी शिकायत नंदौली प्रधान रीना सिहं ने करते हुये गांव में सड़क किनारे स्थित बेशकीमती सरकारी बंजर भूमि गांटा स०-360 रकबा-0.089हेक्टेयर से अवैध कब्जा हटाने की मांग की ।तीसरी शिकायत नदौंली गांव के हरिश्चंद्र ने करते हुये मेला, होली, खलिहान, खाद के गड्ढे दर्ज सरकारी जमीनो से अवैध कब्जे हटाने की मांग की ।दोनो ही शिकायतो को गम्भीरता से लेते हुये तहसीलदार आनन्द तिवारी ने राजस्व टीम को मौके पर जाकर जांच कर कार्यवाही के निर्देश दियें ।चौथी शिकायत एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य से सभासद अखिलेश ने करते हुये मोहनलालगंज नगर पंचायत मे गौरा गांव में स्थित नाली, चकमार्ग, बंजर, तालाब दर्ज सुरक्षित श्रेणी की दर्जनो गाटाओ की सरकारी जमीनो को बिल्डरो व दबंगो के कब्जे से मुक्त कराने की मांग की ।सभासद ने बिन्दौवा गांव में भी स्थित ऊसर, बंजर, नवीन परती, नाली दर्ज सरकारी जमीनो को अवैध कब्जे से मुक्त कराये जाने की मांग की है ।एसडीएम ने शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये राजस्व टीम को मौके पर जाकर जांच कर कार्यवाही के निर्देश दियें।

# चाय की गुमटी में अचानक लगी आग, चपेट में आने से चार झुलसे, एक की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** संचालित चाय व पान की गुमटी में शनिवार शाम को अचानक आग लग गई। जिसमें समान सहित दुकान संचालक समेत चार लोग झुलसे एक की हालत गंभीर ट्रामा सेंटर रेफर, जिसके चलते वहां पर हड़कंप मच गया। गुमटी में रखा सारा सामान जलकर स्वाहा ।

रहीमाबाद अशोका हॉस्पिटल के पास चाय की दुकान पर चाय वाला पेट्रोल भी बेंचता था। और वहीं चाय बन रही थी उसी समय एक बाइक सवार पेट्रोल लेने आ गया, पेट्रोल देते समय अचानक आग लग गई। जिसमें गुमटी संचालक सुंदर लाल तरौना निवासी, वहीं पास में ई रिक्शा की रिपेयरिंग की गुमटी रखे विजय पाल, मिस्त्री शिवा कैथुलिया निवासी समेत ई रिक्शा की रिपेयरिंग कराने आए उन्नाव जनपद के औरास थाना क्षेत्र के ग्राम दिरपाल खेड़ा निवासी विनीत बचाने के लिए दौड़े तो उसकी चपेट में आने से बुरी तरह से झुलस गए। सभी को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जंहा चिकित्सकों ने विनीत की हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। हालांकि सतर्कता की वजह से आसपास वालों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।



### हो सकता था बड़ा हादसा

मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि गैस चूल्हे पर चाय बन रही थी। तभी देखते ही आग की लपटें उठ गयीं। वो तो भला है कि समय रहते गैस सिलेंडर के पास जाकर सप्लाई बंद कर दी। नहीं तो गैस सिलेंडर भी फट सकता था और बड़ा हादसा हो जाता।

# एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ की वर्दी पहनकर घूम रहा फर्जी युवक को सीआईएसएफ ने धर दबोचा

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** राजधानी के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर शनिवार को सीआईएसएफ की वर्दी पहनकर घूम रहा एक फर्जी सीआईएसएफ जवान पकड़ा गया। सीआईएसएफ जवानों ने उसे हिरासत में लेकर सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। सरोजनीनगर इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी के मुताबिक शनिवार अपराहन करीब 3:30 बजे चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट परिसर में आगमन गेट के सामने सीआईएसएफ की वर्दी में मौजूद एक युवक मोबाइल से खुद के फोटो खींचकर किसी को भेज रहा था। तभी वहां मौजूद सीआईएसएफ कर्मियों की नजर पड़ी तो उन्हें संदेह हुआ और उन्होंने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। जहां पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम हरदोई जिले के धर्मपुरा निवासी सचिन राठौर बताया। पूछताछ में उसने बताया कि वह 2022 में सीआईएसएफ में भर्ती हुआ था। लेकिन जब सीआईएसएफ जवानों ने उससे सीआईएसफ संबंधी कागजात दिखाने को कहा तो वह कुछ भी नहीं दिखा सका। इस पर सीआईएसएफ कर्मियों को संदेह हुआ और उन्होंने उससे कड़ाई से पूछताछ की। जहां पूछताछ में युवक ने बताया कि वह अपने गांव वालों पर रौब गाँठने के लिए सीआईएसएफ की वर्दी में अपनी फोटो खींचकर उन्हें दिखाने के लिए भेज रहा था। फिलहाल सीआईएसएफ कर्मियों की पूछताछ में वह युवक फर्जी निकला। जिस पर सीआईएसएफ उप निरीक्षक उत्तम कुमार ने उसे सरोजनीनगर पुलिस के हवाले करते हुए तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ कर रही है।

# डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने आवास पर दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम किया आयोजित

अमन लेखनी समाचार/रेहान खान

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने शनिवार को अपने आवास पर दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरूआत विधायक की माता तारा सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर की गई। इस मौके पर विधायक द्वारा 10 चिन्हित दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरित की गई। विधायक राजेश्वर सिंह ने कहा कि मोटराइज्ड ट्राई साइकिल न केवल आने जाने में सुविधा प्रदान करती है, बल्कि आजीविका का साधन भी है। विधायक ने बताया कि दिव्यांग आलोक कुमार रावत ने उनसे रोजगार की मांग की थी। जिसका संज्ञान लेते हुए विधायक ने एक खास प्रकार की मोटराइज्ड ट्राय साइकिल बनवाई। इस मोटराइज्ड ट्राई साइकिल को एक दुकान में तब्दील किया गया है। जिसमें चिप्स, चॉकलेट व बिस्किट का पैकेट समेत खाने पीने के अनेकों सामान लगे हुए थे। यह मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्राप्त कर दिव्यांग आलोक कुमार ने बताया कि अब वह पढ़ाई के साथ-साथ पैसे भी कमा सकेगा। इसके लिए उन्होंने विधायक को धन्यवाद भी दिया। कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि जो दिव्यांगजन मोटराइज्ड ट्राई साइकिल चलाने में सक्षम हैं, उन्हें यह साइकिल दिलाने के साथ ही सभी दिव्यांगों की आजीविका के लिए हर सुविधा संसाधन दिलाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक ने निलमथा स्थित शहीदों की स्मृति में एक भव्य पार्क का निर्माण कर वहां शहीदों की प्रतिमा स्थापित करने का भी संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में जनता के विकास के लिए 5 करोड रुपए मुख्यमंत्री फंड से सरोजनीनगर को दिलाया गया है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें कार्य के अवसर दिलाने की बात भी कही। उन्होंने क्षेत्र में जल भराव की समस्या दूर करने पर जोर देते हुए बताया कि क्षेत्र के 19 से अधिक नाले स्वीकृत कराए गए हैं। किला मोहम्मदी ड्रेन के लिए भी प्रयास जारी है। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्वीकृति कराई गई है, जिससे प्रदूषण न हो। साथ ही 40 तारा शक्ति सिलाई सेन्टरों में इको फ्रेंडली बैग बनाने के साथ ही परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को वितरित करने की बात कही। उन्होंने प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में भी बताया। युवाओं की पढ़ाई के लिए कोचिंग और काउंसलिंग सेंटर खोले सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग का निरंतर आयोजन जारी है। विधायक ने बताया कि इससे पहले वह 14 जनवरी 2023 को 50 लाख के उपकरण (मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, मैन्युअल ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, सुनने की मशीन व अन्य संसाधन दिव्यांगों को निशुल्क उपलब्ध कराए थे। इसके अलावा 11 मार्च 2023 को आयोजित आभार दिवस के मौके पर भी पांच मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, 5 मैन्युअल ट्राई साइकिल तथा 2 व्हीलचेयर प्रदान किए थे।

# घर जा रहे पति पत्नी के साथ तीन अज्ञात बदमाशो के खिलाफ असलहा दिखाकर चैन लूटने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** बिजनौर के रहीमाबाद निवासी रामकिशोर ने गुरुवार देर रात अपने घर से कुछ दूर पत्नी के साथ चेन स्नेचिंग की घटना बताते हुए सरोजनीनगर पुलिस को तहरीर देने की बात कही है। हालाकि सरोजनीनगर पुलिस ने ऐसी किसी घटना की जानकारी से साफ इनकार किया है। रामकिशोर का कहना है कि बीती 5 सितंबर गुरुवार रात करीब 2 बजे वह अपनी पत्नी के साथ झांसी से लौटकर अपने घर रहीमाबाद जा रहा था। तभी ऑटो के जरिए नहर से होते हुए लेखई राम गौतम के घर के पास पहुंचा और ऑटो से उतरकर अपने घर की ओर बने रास्ते पर जाने लगा। इसी बीच कुछ दूरी पर पहुंचते ही अचानक पीछे से एक मोटरसाइकिल से पहुंचे 3 बदमाशों ने बाइक से उतरकर रामकिशोर के सीने पर तमंचा सटा दिया और उसकी पत्नी के गले में पड़ी सोने की चेन व कान की बाली छीन ली। बाद में धमकी देते हुए वापस नहर से सरोजनीनगर की तरफ बाइक से फरार्टा भरते हुए भाग गए। रामकिशोर का कहना है कि बाद में चीज पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग पहुंचे, लेकिन तब तक बाइक सवार युवक बाइक सहित वहां से भाग चुके थे। उनका कहना है कि बाद में घटना की सूचना बिजनौर थाने पर दी गई। जहां सूचना के बाद पहुंचे उपनिरीक्षक तेज बहादुर सिंह ने घटनास्थल सरोजनीनगर का बताया। इसके बाद उन्होंने शनिवार को सरोजनीनगर पुलिस को मामले की तहरीर दी। उधर इस मामले में सरोजनीनगर इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी ने तहरीर मिलने के अलावा घटना की जानकारी होने से इनकार किया है ।उन्होंने कहा कि अगर ऐसे किसी मामले की तहरीर मिली तो तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

घर जा रहे पति पत्नी के साथ तीन अज्ञात बदमाशो के खिलाफ असलहा दिखाकर चैन लूटने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बिजनौर के रहीमाबाद निवासी रामकिशोर ने गुरुवार देर रात अपने घर से कुछ दूर पत्नी के साथ चेन स्नेचिंग की घटना बताते हुए सरोजनीनगर पुलिस को तहरीर देने की बात कही है। हालाकि सरोजनीनगर पुलिस ने ऐसी किसी घटना की जानकारी से साफ इनकार किया है। रामकिशोर का कहना है कि बीती 5 सितंबर गुरुवार रात करीब 2 बजे वह अपनी पत्नी के साथ झांसी से लौटकर अपने घर रहीमाबाद जा रहा था। तभी ऑटो के जरिए नहर से होते हुए लेखई राम गौतम के घर के पास पहुंचा और ऑटो से उतरकर अपने घर की ओर बने रास्ते पर जाने लगा। इसी बीच कुछ दूरी पर पहुंचते ही अचानक पीछे से एक मोटरसाइकिल से पहुंचे 3 बदमाशों ने बाइक से उतरकर रामकिशोर के सीने पर तमंचा सटा दिया और उसकी पत्नी के गले में पड़ी सोने की चेन व कान की बाली छीन ली। बाद में धमकी देते हुए वापस नहर से सरोजनीनगर की तरफ बाइक से फरार्टा भरते हुए भाग गए। रामकिशोर का कहना है कि बाद में चीज पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग पहुंचे, लेकिन तब तक बाइक सवार युवक बाइक सहित वहां से भाग चुके थे। उनका कहना है कि बाद में घटना की सूचना बिजनौर थाने पर दी गई। जहां सूचना के बाद पहुंचे उपनिरीक्षक तेज बहादुर सिंह ने घटनास्थल सरोजनीनगर का बताया। इसके बाद उन्होंने शनिवार को सरोजनीनगर पुलिस को मामले की तहरीर दी। उधर इस मामले में सरोजनीनगर इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी ने तहरीर मिलने के अलावा घटना की जानकारी होने से इनकार किया है ।उन्होंने कहा कि अगर ऐसे किसी मामले की तहरीर मिली तो तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बनी प्राथमिक विद्यालय जांच करने पहुची जांच कमेटी

### विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्वारा सहायक अध्यापिका को थप्पड़ मारे जाने की शिकायत पर पहुंची कमेटी

अमन लेखनी समाचार

**बंथरा।** सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के बंथरा के ग्राम सभा बनी में स्थित प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्वारा सहायक अध्यापिका को थप्पड़ों से मारे जाने के संबंध में शिकायत करने पर शनिवार के दिन करीबन सुबह के समय 11 बजे खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय के नेतृत्व में तीन सदस्यीय कमेटी पूरे मामले की जांच करने के लिए बनी स्थित विद्यालय पहुंची। प्रधानाध्यापिका उषा रानी गौतम ने सहायक अध्यापिका अंजू यादव को बीते 30 अक्टूबर को समय से पूर्व विद्यालय में बच्चों से प्रार्थना करवाने तथा विद्यालय के कक्षाएं ना खोले जाने एवं रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने के दौरान उनके साथ मारपीट की गई थी। इस मामले के संबंध पर शिकायत सहायक अध्यापिका अंजू यादव ने अपने विभाग के अधिकारियों से की थी ।अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन करके जांच करने का आदेश दिया था। खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय राजेश सिंह के नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी मलिहाबाद नंदकुमार खंड शिक्षा अधिकारी बक्शी का तालाब प्रीति शुक्ला के साथ शनिवार को प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर पूर्व खाना बनाने वाले रसोईया तथा शिक्षामित्र व सहायक अध्यापिकाओं से बातचीत कर उनके बयान दर्ज किये गए। जांच कमेटी ने सभी से अलग-अलग पूछताछ की व सभी कक्षाओं में जाकर सभी से पूछताछ की जिससे पूरे प्रकरण के मामले की सच्चाई सामने आ सके। इस संबंध में ग्राम प्रधान रमेश कुमार गुप्ता के अलावा लगभग एक दर्जन से अधिक अन्य लोगों के बयान जांच कमेटी ने दर्ज किया और उनसे हस्ताक्षर भी करवाएं। प्रधानाध्यापिका से भी जांच कमेटी ने पूछताछ की और अपना स्पष्टीकरण देने के लिए कहा है।

खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय राजेश सिंह ने विद्यालय भवन की जर्जर व्यवस्था देखकर प्रधान से प्रस्ताव कर इमारत को सही करवाने के लिए भी कहा और गंदगी को देखकर भी नाराजगी जताई। राजेश सिंह ने प्रधान से कहा सफाई कर्मी आता नहीं है क्या तो प्रधान ने बताया कि सफाई कर्मचारी भी दो महीने के लिए चुनाव ड्यूटी में लगे हुए है और आखिर इस समय कौन सी चुनावी ड्यूटी सफाई कर्मचारियों की चल रही है इसे तो प्रधान ही बता सकते हैं।

# बुजुर्ग दुकानदार को कार में लिफ्ट देकर बदमाशो ने पिटाई पैसे व मोबाइल लूटा

अमन लेखनी समाचार

**मोहनलालगंज।** पुलिस कमिश्नर एसबी शिरोडकर ने बड़ी से लेकर छोटी घटनाओ में शिकायत मिलने के बाद थानेदारो को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दे रखे है, लेकिन पूर्वी जोन की पीजीआई पुलिस ने कमिश्नर के आदेशो को ताक पर रख रखा है, इसी लिए बीते मगंलवार की रात बुजुर्ग दुका?नदार को कार में लिफ्ट देकर बदमाशो द्वारा पिटाई कर 15हजार रुपए व मोबाइल लुटने के बाद चलती कार से फेकने की बड़ी घटना में लिखित शिकायत के चार दिन बाद भी कार्यवाही नही की ।कार्यवाही ना होने से नाराज पीड़ित बुजुर्ग ने शनिवार को सोशल मीडिया पर अपने साथ हुयी घटना का मैसेज वायरल कराकर पुलिस अफसरो से कार्यवाही की गुहार लगायी ।लेकिन लापरवाह बनी पीजीआई पुलिस? ने जांच चलने की बात कहकर फिर भी पल्ला झांड लिया।

मोहनलालगंज के डाढा सिकंदरपुर गांव निवासी बुजुर्ग राधेलाल ने बताया पीजीआई के तेलीबाग नहर पर उनकी पान की दुकान है, बीते मगंलवार की रात 8:30बजे वो दुकान बंद कर घर जाने के लिये पैदल उतरठिया शहीद पथ के नीचे आकर वाहन का इन्तजार करने लगे, तभी उनके पास आकर एक कार रूकी, जिसके अंदर बैठे लोगो ने पुछा कहा जाना है, तो मैने मोहनलालगंज जाने की बात कही तो कार सवारो ने निगोहां तक जाने की बात कहते हुये कहा बैठ जाओ मोहनलालगंज उतार देगे, जिसके बाद विश्वास में आकर कार के अंदर बैठ गया, पीजीआई थाना क्रास होते ही सुनसान होने पर कार सवारो ने उसका गला दबाकर व पैर पर लोहे की राड से वार कर जेब में रखे 15हजार रुपए व कुछ सिक्के समेत मोबाइल छिनने के बाद कल्ली पश्विम गांव के पास चलती कार की रफ्तार धीमी कर उसे सड़क पर धकेलकर मौके से फरार हो गये, जिसके बाद उधर से गुजर रहे राहगीरो से मदद लेकर बेटे रवीन्द्र कुमार को फोन कर पूरी घटना बताते हुये मौके पर बुलाया ।बेटे के मौके पर आने के बाद पीजीआई थाने पहुंचकर पुलिस से पूरी घटना की लिखित शिकायत कर लिफ्ट देकर पिटाई के बाद लूटपाट करने वाले अज्ञात बदमाशो के विरूद्व कार्यवाही की मांग की तो पुलिस ने जांच के बाद कार्यवाही की बात कहकर चलता कर दिया ।पीड़ित बुजुर्ग दुकानदार राधेलाल ने बताया घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने ना तो मुकदमा लिखा ओर ना ही बदमाशो को तलाशने की जहमत उठाई ।एसएसआई विनोद कुमार पांडे से फोन कर बुजुर्ग के साथ हुयी लूट की घटना में कार्यवाही के बारे में पुछा गया तो जांच चलने की बात कहकर पल्ला झांड लिया।

# विधवा महिला व बेटो पर धर्म परिवर्तन का दबाब बनाया, मना करने पर बंद किया घर का रास्ता

अमन लेखनी समाचार

**नगराम।** जुगराजखेड़ा रसूलपुर गांव मे विधवा महिला व उसके परिवार ने ईसाई धर्म स्वीकार नही किया तो दबंगो ने उत्पीड़न शुरू कर दलित परिवार के घर आने जाने का रास्ता बंद करने के लिये ईट समेत अन्य सामग्री मौके पर गिरा दी ।पीड़िता ने नगराम पुलिस से शिकायत कर धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहे दबंगो पर कार्यवाही की मांग की लेकिन पुलिस ने जांच की बात कहकर बिना कार्यवाही उसे बैरंग वापस कर दिया ।एसडीएम ने नगराम पुलिस को फटकार लगाते हुये कार्यवाही के निर्देश दियें। मोहनलालगंज तहसील के जुगराजपुर रसूलपुर में विधवा महिला श्रद्धा देवी धीमान अपने तीन बेटो व बहू के साथ



रहती है ।विधवा महिला श्रद्धा देवी ने बताया गांव महादेव, सहदेव, शमशेर व बंशीलाल ईसाई धर्म अपना लिया है ओर वो ईसामसीह को मानते है, उक्त लोगो ने उस पर दबाव बनाने हुये धर्म परिवर्तन कर ईसाई बनने की बात कही और लालच भी दिया लेकिन जब उसने इनकार किया उत्पीड़न पर उतारू हो गये, आए दिन गाली-गालौज व मारपीट की धमकी देने लगे यही नही दबंगो ने उसके घर तक जाने वाले रास्ते को बंद करने के लिये ईट समेत अन्य सामग्री भी रास्ते पर गिराने के साथ रास्ते से निकलने से मना कर दिया। जिसके बाद पीड़िता ने पूरे मामले की नगराम पुलिस से शिकायत कर धर्म परिवर्तन के लिये मजबूर करने वालो के विरूद्व कार्यवाही की मांग की तो पुलिस ने जांच की बात कहते हुये उसे चलता कर दिया। शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की ।एसडीएम ने नगराम पुलिस को फटकार लगाते हुये कार्यवाही के निर्देश दियें।

# डीएम व सीडीओ की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

## समाधान दिवस में आये 187 मामलों में 56 का हुआ निस्तारण

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने सीडीओ अजय जैन के साथ सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतें सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों को निष्पक्षता पूर्वक समयबद्ध तरीके से निस्तारण कराएं।

समाधान दिवस में 187 शिकायते आयी जिसमें 56 का मौके पर निस्तारण किया गया । जिलाधिकारी के आने की खबर सुनते ही फरियादियों की लंबी-लंबी कतारे लग गई। फरियादी न्याय पाने के लिए घण्टो लाइन में लगे रहे। समाधान दिवस पर भतोइया निवासी एडवोकेट राघवेंद्र सिंह ने शिकायती पत्र के माध्यम से बताया कि निमार्णाधीन हरदोई लखनऊ राजमार्ग पर हरदोई बॉर्डर तक 10 अंडरपास का निर्माण हो रहा है। जोकि नियमों को ताक पर रखकर मनमाने ढंग से किया जा रहा है। मिट्टी खनन के समय डंपरों पर न हीं नंबर प्लेट और ना ही किसी प्रकार का एनएचआई लोगो लगा होता है। पुराने डिवाइडरों पर लीपापोती की जा रही हैं। न हीं पानी का छिड़काव कराया जा रहा है। जिससे आये दिन कोई ना कोई चोटिल हो रहा है। वहीं पुरवा निवासी सरजू देई ने शिकायती पत्र के माध्यम से बताया कि घरेलू कनेक्शन की मीटर की रीडिंग गलत बताकर मीटर व विद्युत विच्छेद कर दिया गया। जब इसकी शिकायत की तो 15 हजार रुपयों की मांग की और कहा कि रुपये दे दो तो हम बिल सही करा देंगे। जिस पर जिलाधिकारी ने जांच के आदेश दिए। मलिहाबाद बार एसोसिएशन द्वारा को पत्र देकर बताया कि मलिहाबाद स्थित एसीपी कार्यालय में क्षेत्रीय थानों के संबंध में 151,107/16 आदि सीपीआरसी के तहत वादों की सुनवाई हेतु व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग की जिस पर जिलाधिकारी ने समस्या को जल्द निराकरण के निर्देश दिए हैं। वहीं तहसील दिवस में अंश निर्धारण को लेकर एक लेखपाल के खिलाफ शिकायत मिली हैं। इसको लेकर जांच की जा रही है अगर जांच में लेखपाल दोषी पाया जाता है। तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



समस्याएं सुनते जिलाधिकारी व अन्य

जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी निष्पक्षता के साथ दोनों पक्षों की बात सुनकर समस्या का समाधान करें। इस मौके पर अपर जिलाधकारी डॉ. शुभी सिंह, डीसीपी राहुल राज, वन विभाग डीएफो, एसीपी वीरेंद्र विक्रम सिंह, बीडीओ रविन्द्र मिश्र ,बीडीओ माल प्रतिभा जायसवाल सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### सपा जिलाध्यक्ष ने समाजवादी जिला सचिव किया मनोनीत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की अनुमति पर जिला सपा अध्यक्ष राजेश यादव ने गंजमुरादाबाद ब्लॉक के छोट्टा पुरवा गाँव निवासी वरिष्ठ समाजवादी श्रवण यादव को जिला सचिव मनोनीत किया। श्रवण यादव के जिला सचिव पदभार ग्रहण करने पर जिले के वरिष्ठ सपा नेताओं ने बधाई दी तथा उम्मीद जताई कि आगामी लोकसभा चुनाव में उन्नाव से समाजवादी प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने में महती भूमिका का निर्वहन करेंगे।

### बहनों से विवाद के बाद युवती ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नवाबगंज के दुर्गा मंदिर रोड निवासी व्यवसायी की 18 वर्षीय पुत्री नें बहनों से हुये आपसी विवाद में फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस नें शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।थाना अजगैन क्षेत्र के नवाबगंज मोहल्ला दुर्गा मंदिर रोड निवासी रामकुमार राठौर की 18 वर्षीया पुत्री तनू ने शनिवार भोर पहर कमरे मे पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रामकुमार राठौर की तीन पुत्रियों और एक बेटे में तनु दूसरे नम्बर पर थी, तनू को लटका देख परिजनों मे हड़कंप मच गया आनन फानन पुलिस को सूचना दी।परिजनों ने बताया कि आज भोर पहर परिवार मे दसवां का कार्यक्रम था जिसमे सभी परिजन गये थे बेटियों के अलावा घर पर कोई नहीं था।वहीं चर्चा है कि बहनों में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था जिसके बाद तनू ने फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। पिता की तहरीर पर पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### फैक्टरी में काम करते समय श्रमिक की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र स्थित आटा मील में शुक्रवार शाम काम कर रहे श्रमिक की अचानक हालत बिगड़ी जिसके बाद फैक्ट्री प्रबंधन जिला अस्पताल लेकर गया जहा डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया बारासगवर थाना क्षेत्र के धानी खेड़ा निवासी वीरेंद्र उर्फ बल्लू 40 पुत्र करुणा शंकर गुप्ता दही थाना क्षेत्र की औद्योगिक क्षेत्र स्थित आटा मील में पिछले तीन वर्ष से काम कर रहा था शुक्रवार शाम फैक्ट्री में काम कर रहा था जिसके बाद अचानक हालत बिगड़ने पर फैक्ट्री प्रबंधन जिला अस्पताल लेकर गया जहा डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया जिसके बाद पुलिस ने शव कब्जे लेकर पीएम के लिए भेज दिया दही थाना प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मतांतरण के खेल के विरुद्ध हिन्दू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने दिया एसपी को ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जय शिव शक्ति संस्थान की प्रबन्धक कमलेश कुमारी के सनसनीखेज दावों के बाद हिन्दू जागरण मंच भी अब मैदान में उतर चुका है। नर सेवा - नारायण सेवा / हिन्दू जागरण मंच के संस्थापक विमल द्विवेदी के नेतृत्व में लगातार लगभग एक दशक से ईसाई मिशनरियों द्वारा प्रायोजित धर्मांतरण करवाने के विरोध में जमीन पर संघर्ष कर रहा हैं। लेकिन अभी भी ये खेल पैसे आदि का लालच देकर यथावत जारी हैं जिसमें जनपद के नवाबगंज, पीताम्बरनागर, पूरननगर ,सिविल लाइन ,बन्धुहार किशोरी खेड़ा सहित कई चर्च व एजेंट के तौर पर लोग गुप्त रूप से प्रार्थना सभाओ के नाम पर इस गैरकानूनी खेल को चला रहे हैं, ताजा मामले में जय शिव शक्ति संस्थान की प्रबन्धक कमलेश कुमारी जिनका दावा है उनके पास इस धर्मांतरण के तमाशे के कई वीडियो/फोटो साक्ष्य के तौर पर उपलब्ध हैं । लेकिन कोई प्रभावी कार्यवाही न करके पुलिस द्वारा अभद्रभाषा का प्रयोग करते हुए उन्हें बैरंग लौटा दिया जाता है ।इस पर प्रांतीय मंत्री एवम प्रभारी विमल द्विवेदी ने इस कुचक्र को रोकने के लिए जमीन पर प्रभावी विधिक कार्यवाही की जाए व जो भी दोषी है उन्हें तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए ऐसी मांग पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह वा सीओ सिटी आशुतोष को देकर उक्त लोगो के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की ।इस अवसर पर मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, विकास सिंह सेंगर, नीतू सेंगर ,कमलेश कुमारी, सुरेश सेंगर , विष्णु गुप्ता,मनीष अवस्थी ,मनीष मिश्रा अधिवक्ता राघवेंद्र पांडेय शिवसेवक ,केतन अवस्थी, अनिल सोनी , अंशू शुक्ला, शिवम आजाद, धर्मेंद्र शुक्ला, विष्णु गुप्ता, मुकेश दीक्षित, परिमल मिश्रा, आदि लोग मौजूद रहे हैं।

# गौशाला के अंदर मिले गौवंश के शव और कंकाल

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। सरकार अन्ना मवेशियों के लिए ग्राम पंचायत में अस्थाई गौशाला व स्थायी गौशाला का निर्माण कराया है गौशालाओं में मवेशियों को रखने हेतु व गौशालाओं के नाम पर करोड़ो रूपए खर्च हो रहे हैं र वहीं जिम्मेदार लोगों की लापरवाही के कारण गौशालाओ के अंदर गोवंश के शव और कंकाल व मिल रहे हैं गौशालयों की व्यवस्था इतनी खराब होने के कारण मवेशियों की मवेशियों की दुर्दशा हो रही हैतहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतर्गत पुरंदरपुर मैं अस्थाई गौशाला का निर्माण सरकार के द्वारा कराया गया है सरकार गौशालाओं के नाम पर लाखों रुपए करोड़ों रुपए गोवंशों के रखरखाव हेतु खर्च कर रही है लेकिन जिम्मेदार की लापरवाही के कारण गौशाला के अंदर गोवंशों के नर कंकाल व उनके सब पड़े हुए हैं गोवंश के अंदर जो भी जानवर बंद हैं उनको समुचित व्यवस्था चारा भूसे व पानी रहने की न होने के कारण उनकी स्थिति बहुत खराब है वही अस्थाई गौशाला के गेट पर बहुत बड़े-बड़े अक्षरों में खंबे में ग्राम प्रधान रेखा कुशवाहा व सचिव मनोज कुमार लिखा हुआ है यदि जिम्मेदार जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी थोड़ा गौशालाओं पर ध्यान दे दें तो गोवंशों की जिस प्रकार से तड़प तड़प कर मृत्यु हो रही है उसे बचाया जा सके।

## नोडल अधिकारी ने विद्युत शिकायत के निस्तारण के लिए दिए दिशा निर्देश

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। शक्ति भवन लखनऊ से नोडल अधिकारी अधिशासी अभियंता राजीव शर्मा द्वारा सोहरामऊ पावर हाउस के अंतर्गत आशाखेड़ा क्षेत्र में विद्युत विभाग आप के द्वार अभियान के तहत उपभोक्ताओं की बिल संबंधित एवं अन्य संबंधित शिकायतों का निस्तारण करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए और मीटर रीडर सुपरवाइजर को उपभोक्ताओं को हर महीने बिल देने के निर्देश दिए गए एवं चेकिंग के दौरान 15 उपभोक्ताओं का बिल जमा कराया गया। एवं गलत विधा में चल रहे 5 कनेक्शन का विधा सही किया गया। और दस हजार के ऊपर 20 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए और चेकिंग के दौरान सोहरामऊ पावर हाउस से उपखण्ड अधिकारी रुद्र प्रताप, अवर अभियंता दिनेश गौतम, आशुतोष वर्मा, धर्मेंद्र दीक्षित और समस्त पावर हाउस स्टाफ मौजूद रहा।

## आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किसान सुखा रहे मक्का



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। आगरा लखनऊ एक्सप्रेस की सर्विस लेन अब किसानों की वजह हादसों का सबब बन रही है। बताते चलें कि कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र से लेकर थाना बेहटामुजावर क्षेत्र तक लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड पर किसानों ने सुखाने के लिए मक्का फैला कर कब्जा कर लिया है। जिससे किसी भी समय कोई बड़ी अप्रिय घटना होने की आशंका बनी हुई है। कई किमी की दूरी तक फैली मक्का से आवागमन भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। किसानों से बात करने पर उन्होंने बताया कि उनके पास फसल सुखाने के लिए कोई जगह नही है, इसलिए वो मजबूरन सड़क पर फसल सुखाते हैं। गांव के ही गोविंद कुमार ने बताया कि मक्के की फसल भी चुकी है बहुत नुकसान हुआ है आधी फसल तो खेत में ही है बहुत दिक्कत हो रही है कर्ज लेकर मक्का बोया था सरकार रोड पर हम किसानों को मक्का सुखा लेने दे।

# जिले के आला अधिकारियों ने किया मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम जिसकी शुरूवात मेरठ के बैरकपुर जेल से मंगल पांडे ने कर दी थी जिसकी आग की दहक मेरठ, दिल्ली, झांसी ,जबलपुर लखनऊ होते हुए उन्नाव के बक्सर तक आ पहुची थी । यहां के तत्कालीन राजा अमर सेनानी राजा राव रामबक्स सिंह जिनके किले में स्थापित अश्वारोही प्रतिमा का मुख्यमंत्री द्वारा अनावरण सोमवार को किया जाना है। जिले के आला अधिकारी कार्यक्रम स्थल पर पहुँच कर तैयारियों का जायजा ले रहे है। इसी क्रम में शनिवार दोपहर अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह तैयारी पहुचे। दोपहर बाद तहसील बीघापुर में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न कराने के बाद जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ,पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा ,डीपीआरओ निरीश चंद साहू, डीसी मनरेगा महेंद्र प्रसाद चौबे,उप जिलाधिकारी बीघापुर क्षितिज द्विवेदी, क्षेत्राधिकार मायाराय कार्यक्रम की सफल रूपरेखा बनाने के लिए डौंडियाखेड़ा पहुंचे।क्षेत्र के डौंडियाखेड़ा स्थित राजा राव राम बक्स सिंह के किला परिसर में स्थापित की गई अश्वारोही प्रतिमा का 9 अक्टूबर को मुख्यमंत्री द्वारा अनावरण कार्यक्रम होना है। अनावरण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर पूरा प्रशासन रात दिन एक किए हुए हैं। हैलीपैड स्थल, सभास्थल, पत्रकार दीर्घा, श्रोता स्थल आदि में बैरीकाडिंग व टेंट का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस मौके पर डौंडियाखेड़ा लेखपाल आनंद सिंह, मुन्ना सिंह अवधूत,कमल बहादुर सिंह अजयपाल ,राकेश ,श्यामू सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## बिजली विभाग के अधिकारियों का उपभोगताओं ने किया जोर दार स्वागत

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। बिजली विभाग को लेकर उपभोगताओं से रोष व्याप्त है वहीं ग्राम पंचायत जैतीपुर के उपभोगताओं ने बिजली विभाग नवाबगंज अजगैन के एस डी ओ रुद्र प्रताप व जे ई आशुतोष तिवारी का जोर दार स्वागत किया बताया कि हमारे यहां लो वोल्टेज से उपभोगताओं को बेहद समस्या थी जिसे दूर करने का काम हुआ है और 400 के वी ए का ट्रांसफार्मर लग गया और ग्रामीणों ने कहा केबल को बन्दर काट देते हैं दूसरी केबल बदलवाई जाय और बिजली उपभोक्ताओं ने अपनी समस्याएं सुनाई वहीं राजकुमार मौर्य उर्फ राजू मौर्य ने बाबा भीम राव अम्बेडकर जी का चित्र भेट किया वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य विद्याभूषण मौर्या ने अंग वस्त्र पहना कर स्वागत किया उपभोगताओं ने मालाओं से स्वागत किया जिनमें से प्रमुख रूप से बीजेपी नेताआशू तिवारी मुन्ना दिवेदी गौतम कुमारअंकुश मौर्य सुधीर मौर्या बच्चू मौर्या सुजीत मौर्या अरुण कुमार प्रजापति जहूर अनीस निजाम असफाक मो रजा अंकित गुप्ता हरी ओम मनीष दीपक हिमांशु साहूआदि उपगोगता सामिल रहे।

## वन विभाग द्वारा वन प्राणी सप्ताह का किया आयोजन

उन्नाव। प्रभागीय निदेशक परिसर मन्दाकिनी हाल,उन्नाव मे वन विभाग द्वारा वन्य प्राणी सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिमाद्री कुरील, रेजर नबाबगंज ऐ० के०शुक्ला, रेजर बीघापुर सहित प्रभाग के अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे वन्य जीव संरक्षण और उनके महत्व पल अनुजा एवम नीरु ने अपने विचार व्यक्त किए गये। जबकि संचालन प्रेम शंकर तिवारी रेजर ने किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार




बीघापुर, उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु डीएम अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा की उपस्थिति में तहसील बीघापुर में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जन सामान्य की समस्याएं/शिकायतें सुनीं गयीं। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील बीघापुर, उन्नाव में डीएम द्वारा राजस्व विभाग की 54 पुलिस विभाग की 14, विकास विभाग की 12 सहित अन्य विभागों की 51 शिकायतों/समस्याओं का अनुश्रवण किया गया। इस अवसर पर कुल 131 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। डीएम द्वारा शिकायतों से संबंधित विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं ताकि शिकायतों की पुनरावृत्ति न हो। शिकायतों का निस्तारण करने से पूर्व शिकायतकर्ता से बात जरूर कर लें। अधिकारी गण शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें, अन्यथा संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सत्य प्रकाश, एसडीएम बीघापुर, क्षेत्राधिकारी बीघापुर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व स्थानीय कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

## रास्ते को लेकर ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन को दिया शिकायत पत्र

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। विकास खंड के गांव कन्धई खेड़ा निवासी ग्रामीणों में दौलत, राकेश, ने तहसील दिवस में एसडीएम से शिकायत किया कि गांव से निकलने वाला रास्ता राजस्व अभिलेखों में दर्ज है जिसको गांव के दो लोगों ने कब्जा करके नाली, खूटा एवं बांस लगाने से आवागमन बाधित कर दिया था। वहीं पीडितों की समस्या पर उपजिलाधिकारी उदित नारायन सेंगर ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए एडीओ उद्योग एंव व्यवसाय अरविंद सिंह के नेतृत्व मे राजस्व टीम में लेखपाल मर्दन सिंह, आशू श्रीवास्तव, मनोज तिवारी मौके पर पहुंचकर रास्ते में अवैध कब्जे को हटवाया। वहीं इस संबंध में तहसीलदार विराग करवरिया ने बताया शिकायत आई थी जिसको लेकर राजस्व टीम को मौके पर भेजा गया और रास्ते से अवैध कब्जे को हटवाया गया है।

## चोरों के हौसले बुलंद घर में घुसकर हजारों का सामान किया पार

औरास, उन्नाव। थाना से लगभग 1 किलोमीटर की दूरी पर बेखौफ चोरों ने घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया कस्बे के ठाकुराना वार्ड निवासी राज किशोर पुत्र राजाराम ने थाने में दिए शिकायत पत्र में आरोप लगाया कि बीती रात वह सब लोग खाना खाकर सो गए वहीं रात लगभग 1 से 3:00 बजे के बीच में अज्ञात चोरों के द्वारा किसी दूसरे के घर से घुसकर घर मे से कीमती सामान व पैसे आदि चोरी कर लिए गए वही पीड़ित जब सुबह सोकर उठा तो देखा घर में सामान अस्त व्यस्त पड़ा था इस संबंध में थाना प्रभारी रेखा सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जल्द ही चोरों को पकड़कर कडी कार्रवाई की जायेगी फिलहाल कस्बे मे चोरी से पुलिस की रात्रि गस्त की पोल खुलती नजर आ रही है।

# खड़ी डीसीएम में कंटेनर ने मारी टक्कर, परिचालक की मौत, चालक घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे स्थित रूरी रसूलपुर के निकट शनिवार सुबह खड़ी डीसीएम में पीछे से कंटेनर के टक्कर मारने से खलासी की मौत व चालक जख्मी हो गया। हादसा उसे समय हुआ जब रेलवे ठेकेदार का समान लाद लखनऊ से आगरा जा रही डीसीएम में तकनीकी खराबी आ जाने से चालक व खलासी नीचे उतरकर सही कर रहे थे। हादसे में जख्मी चालक को बांगरमऊ अस्पताल से रेफर कर दिया गया।आगरा थाना फतेहाबाद क्षेत्र के मीठपुरा गांव के रहने वाला चालक नाथूराम पुत्र हरिश्चंद्र अपने गांव के ही निवासी साथी खलासी राजेश प्रजापति (25) पुत्र गनपती के साथ डीसीएम में रेलवे ठेकेदार का समान लादकर लखनऊ से आगरा की तरफ जा रहे थे। सुबह बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे स्थित रूरी रसूलपुर गांव के निकट डीसीएम में कुछ खराबी आ गई। जिससे दोनों चालक व खलासी वाहन मार्ग किनारे खड़ी कर नीचे उतरकर उसे ठीक करने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान उधर से गुजर रहे एक तेज गति के कंटेनर ने उनके खड़े वाहन में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के दौरान चपेट में आकर चालक नाथूराम व खलासी राजेश जख्मी हो गए। घायलों को यूपीडा टीम बांगरमऊ के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डॉक्टर ने खलासी राजेश प्रजापति को मृत घोषित कर दिया तथा घायल चालक नाथूराम को रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# लघु सिंचाई योजना के अंतर्गत विधायक ने किसानों को दिया प्रशस्ति पत्र

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के अंतर्गत विकास खंड सभागार में क्षेत्रीय विधायक ने चयनित किसानों को प्रशस्ति पत्र का वितरण किया प्रशस्ति पत्र पाकर किसानों के चेहरे खिल उठे विकास खंड के सभागार में क्षेत्रीय विधायक बंबालाल दिवाकर ने मुख्य मंत्री लघु सिंचाई के अंतर्गत 26 किसानों को प्रशस्ति पत्र दिया खंड विकास अधिकारी गुलाबचन्द्र ने बताया इस लघु सिंचाई योजना में कुल 76 किसानों का चयन हुआ था जिसमे पिछड़ा वर्ग व सामान्य वर्ग के 53 अनुसूचित जनजाति के 23 किसान चयनित हुए थे 26 किसानों को वितरण किया जा चुका है शेष किसानों को जल्द से जल्द वितरण किया जायेगा इस मौके पर ब्लाक प्रमुख पति रमेश रावत राजू चौहान प्रवीण रावत लल्ला तिवारी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## हिंदू संगठनों ने निकाली शौर्य यात्रा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल की शौर्य जागरण यात्रा जो की अयोध्या से चलकर वाराणसी तक जानी है कल उन्नाव जनपद पहुंची यात्रा का स्वागत शहर के कब्बा खेड़ा एवं बड़े चौराहे में विश्व हिन्दू परिषद के प्रांतीय सह मंत्री अविनाश दुवेदी एवं विहिप के जिला अध्यक्ष संजय शुक्ल जिला कार्याध्यक्ष रघुवंश मणि त्रिवेदी ने स्वागत किया यात्रा में शामिल बीघापुर प्रखंड से भी यात्रा निकाली गई जिसको बीघापुर के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गोविन्द नारायण शुक्ल एवं भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष नमन बाजपेई द्वारा यात्रा को झंडी दिखाकर बीघापुर के संदोही देवी मंदिर से शुभारंभ किया जो यात्रा बीघापुर से चलकर उन्नाव पहुंची शौर्य जागरण यात्रा में सम्मिलित हुई। फिर यात्रा उन्नाव के नार्मल विद्यालय मैदान में विशाल जन सभा को संबोधित किया गया उसके बाद शौर्य जागरण यात्रा मैरावा के लिए निकल गई इस यात्रा में मुख्य रूप से बजरंगदल के वरिष्ठ कार्यकर्ता आलोक राजपूत कार्तिकेय कुमार दीक्षित, पण्डित हर्षित त्रिपाठी भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला अध्यक्ष अंबुज सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष पवन शुक्ला क्षेत्र पंचायत सदस्य अनुराग शुक्ला, गौरव, सचिन, रोशन, रामप्रसाद, सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गैंगस्टर एक्ट के वांछित युवक को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ किया गया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त को 1 तमंचा व 2 जिन्दा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया। बता दे की शनिवार को उप निरीक्षक गया प्रसाद रमन मय हमराह फोर्स द्वारा थाना गंगाघाट पर पंजीकृत मुकदमा यूपी गैगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त विजय रावत (21) पुत्र राजू रावत निवासी ग्राम नेतुआ मझरा पीपर खेडा थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव के कब्जे से 1 तमंचा व 2 जिन्दा कारतूस बरामद कर राजधानी मार्ग रश्मिलोक डिवाइडर कट के पास से गिरफ्तार किया गया। अवैध तमंचा बरामदगी के संदर्भ में मुकदमा पंजीकृत किया ग

## निशुल्क नेत्र जांच शिविर का किया जायेगा आयोजन

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। कस्बा मे इंदिरा गाँधी नेत्र चिकित्सालय केसरबाग लखनऊ द्वारा संचालित माता भुईयादेवी मंदिर प्रांगण में नवम्बर माह के पहले ही सप्ताह मे निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।इसकी जानकारी समाजसेवी,रामचंद्र दिनकर एडवोकेट,ने दी है बताया कि शिविर में कस्बा व आसपास क्षेत्र के निवासियों जिनका मोतियाबिंद का ऑपरेशन पहले हो चुका है वे मरीज और अन्य सामान्य मरीजों के आंखों की विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच नेत्र रोग चिकित्सक द्वारा की जाएगी। जिन मरीजों को चश्में की आवश्यकता होगी, उन सभी मरीजों की जांच आधुनिक मशीन द्वारा की जाएगी और चश्में भी बनाए जाएंगे। जाँच शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

# ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। लखनऊ कानपुर रेल लाइन पर दही थाना क्षेत्र स्थित बुटवल रेलवे क्रासिंग के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक युवती की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया । शहर के दही थाना क्षेत्र स्थित बुटवल गांव निवासी सोनी 26वर्ष पत्नी ज्ञानी लोध शनिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे बुटवल क्रासिंग के समीप रेल लाइन पार कर रही थी। इसी बीच ट्रेन गुजर गई और ट्रेन की चपेट में आने से सोनी की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सबको कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक युवती मानसिक रूप से बीमार रहती थी।

चिंतन

# जाति की राजनीति में न उलझे भारत

देश को जाति व धर्म की राजनीति में नहीं उलझाया जाना चाहिए। बिहार में जाति जनगणना के आंकड़े आने के बाद जिस तरह की राजनीति शुरू हुई है और नई नई मांगें राजनीतिक दलों की ओर से की जा रही हैं, उससे लगता है कि देश की राजनीति मूल मुद्दों से भटक कर अनुत्पादक मुद्दों में फँसने जा रही है। भारत विभिन्न जातियों, उपजातियों व धर्मों से भरी विविधता वाला देश है। इसलिए कोई भी विभाजनकारी राजनीति देश की एकता व अखंडता का नुकसान ही करेगा। देश की बहुसंख्यक आबादी हिंदू जातियों में विभाजित है, हिंदुत्व व भारतीय संस्कृति के बहाने हिंदुओं को एकजुट रखने की कोशिश होती रही है, लेकिन यदि हिंदुओं में जाति के आधार पर वैमनष्यता बढ़ेगी तो, विभाजन भी बढ़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार की जाति जनगणना के आंकड़े आने के अगले ही दिन कहा है कि उनकी सरकार के लिए गरीब ही सबसे बड़ी जाति और सबसे बड़ी आबादी है। बेशक यह राजनीतिक बयान है, लेकिन इसमें राजनीति में भविष्य की दृष्टि भी है। 21वीं सदी के भारत को शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, खाद्यान्न, नई तकनीक जैसी चीज चाहिए जो विकास को गति देंगे, उसे जाति व धर्म जैसे अनप्रोडक्टिव चीज नहीं चाहिए। सभी दलों को देश हित में विभाजनकारी राजनीति से परहेज करना चाहिए। सरकार संविधान से चलती है और संविधान में सभी नागरिक बराबर हैं। गरीबों, वंचितों का शैक्षणिक उत्थान किया जाना चाहिए। पूर्व में डा. भीमराव आंबेडकर, राम मनोहर लोहिया जैसे दूरदृष्टि वाले नेता जाति के खात्मे की बात कह चुके हैं। हमारे राजनेता को उनसे सीखना चाहिए। आजादी के बाद जाति को लेकर उदासीनता बढ़ी, जिसे माना गया कि देश धीरे धीरे जातिमुक्त समाज की ओर बढ़ रहा है। लेकिन मंडल राजनीति के बाद जाति आधारित क्षेत्रीय दलों के उदय ने जाति आधारित राजनीति की जड़ें गहरी ही की हैं। अब नीतीश कुमार जातिवाद के नए चेहरे बन गए हैं। सरकारों को सही मायने में गरीबी उन्मूलन, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं, पर्यावरण संरक्षण, इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास, पानी, बिजली आदि के लिए काम करना चाहिए, न कि जाति विभाजन को बढ़ावा देना चाहिए। सत्ता के लिए अगर जातिगत राजनीति की जड़ें गहरी होंगी तो जातियों के बीच टकराव बढ़ेगा। टकराव के गंभीर होने पर सत्ता पक्ष के लिए संभालना मुश्किल होगा। आरक्षण की मांग को लेकर जाति समूहों के हिंसक संघर्ष को देश अतीत में देख चुका है। देश में जातियों की जटिल प्रणाली है, करीब 46 हजार जातियां, उपजातियां व गोत्र हैं। उसकी संख्या के हिसाब से आरक्षण सुनिश्चित करना किसी भी सिस्टम के लिए संभव ही नहीं है। बिहार में ही अत्यंत पिछड़ी जातियों (ईबीसी) की संख्या करीब 116 है और इनकी सबसे अधिक आबादी है, इनके लिए अगर 36 फीसदी ही कोट तय किया जाय में उसमें 116 के लिए अलग अलग कितने कोटे बनाए जाएंगे? यह उलझने से अधिक कुछ नहीं होगा। देश को जाति व धर्म की राजनीति में झोंकने के बजाय एकता व अखंडता की सियासत को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। भारत में भारतीय के उत्थान की राजनीति हो, विभाजन की नहीं। भारत तेजी से विकास पथ पर है, ऐसे में उसे किसी विभाजनकारी एजेंडे से डिरेल नहीं किया जाना चाहिए। सत्ता के लिए विपक्ष को भारत को तबाह कर देने की चाहत से राजनीति नहीं करनी चाहिए।



राजनीति
अवधेश कुमार

# बिहारः जातीय गणना से क्या हासिल!

यह कहना उचित नहीं है कि भाजपा आरक्षण विरोधी है। मुख्य धारा की कोई पार्टी इस समय आरक्षण विरोधी नहीं है। कम्युनिस्ट पार्टियां जाति आधारित आरक्षण की नीति से सहमत नहीं रही, लेकिन उसने भी इसे स्वीकार किया। दुर्भाग्य यह है कि मंडलवाद की राजनीति ने आरक्षण को ही सामाजिक न्याय का सबसे बड़ा पर्याय बना दिया। दूसरे, किसी भी समुदाय पिछड़ा वर्ग, दलित या अनुसूचित जनजाति की संपूर्ण आबादी वंचित नहीं होती। जिन्हें अगड़ा कहते हैं उनमें भी वंचित और पिछड़े हैं । लोहिया जी ने जाति तोड़ो का नारा दिया था। बिहार की जातीय गणना की विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़ा किया गया है। खासकर यादवों व सवर्णों के जातिगत आंकड़ों को लेकर।

बिहार में बहुचर्चित जातीय गणना के आंकड़ों का पहला भाग सामने आ गया है। इस आंकड़े को स्वीकार किया जाए तो पूरी आबादी में अत्यंत पिछड़ा वर्ग या ईबीसी 36.01 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग या ओबीसी 27.12 प्रतिशत, अनुसूचित जाति 19.65%, अनुसूचित जनजाति 1.68% और सामान्य वर्ग 15.52% है। अनेक विश्लेषक इसे मंडल आयोग के बाद का अगला स्वाभाविक कदम भी करार दे रहे हैं। अब चूंकि आईएनडीआईए के एजेंडा में राष्ट्रव्यापी जातीय जनगणना है और बिहार की नीतीश सरकार ने महात्मा गांधी की जन्म तिथि 2 अक्टूबर को जारी कर दिया है तो साफ है कि गठबंधन की अगली बैठक में नीतीश कुमार हीरो होंगे। वैसे कर्नाटक की पूर्व सिद्धारमैया सरकार ने भी गणना कराई थी। संभव है वह भी इसे जारी कर दे। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने एक्स पर इसे ऐतिहासिक क्षण बताते हुए आगामी समय में सरकार की नीतियों में इसके प्रतिबिंबित होने की बात कही है। इसके साथ कई प्रश्न खड़े होते हैं। एक, जातीय गणना की राजनीति की धारा किस दिशा में जाएगी? क्या इसके आधार पर सरकारी नीतियों में परिवर्तन आएगा? यानी इसमें आए आंकड़ों के अनुसार ही आरक्षण से लेकर कल्याण कार्यक्रमों का अनुपात आवंटित किया जाएगा? सबसे बढ़कर क्या यह सामाजिक न्याय की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम होगा?

तत्काल देखा जाए तो बीजेपी विरोधी पार्टियों के लिए यह आगामी लोकसभा चुनाव का शायद सबसे बड़ा मुद्दा होगा। ये पार्टियां कह रही हैं कि सामाजिक न्याय की मांग को नरेंद्र मोदी सरकार नकार रही है, क्योंकि ये पिछड़े एवं दलितों की विरोधी हैं और इनका लक्ष्य आरक्षण खत्म करना है। हम जानते हैं कि यह सच नहीं है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक हैसियत दी। राज्यों को यह अधिकार दिया कि वे पिछड़ी जातियों की सूची मे जातियां शामिल कर सकते हैं। इसके साथ सरकार ने आर्थिक रूप से पिछड़ों यानी ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षण की व्यवस्था की। इसलिए यह कहना उचित नहीं है कि भाजपा आरक्षण विरोधी है। मुख्य धारा की कोई पार्टी इस समय आरक्षण विरोधी नहीं है। कम्युनिस्ट पार्टियां जाति आधारित आरक्षण की नीति से सहमत नहीं रही, लेकिन उसने भी इसे स्वीकार किया।

समाज की मुख्यधारा में जो पिछड़े व वंचित रह गए उन्हें मुख्यधारा का अंग बनाने के लिए सरकार एवं समाज दोनों स्तरों पर कई न्यायसंगत कदम उठाने की आवश्यकता पड़ती है। आरक्षण इसका एक महत्वपूर्ण औजार है। इसके साथ यह तर्क भी गले उतर सकता है कि आरक्षण को जातियों की आबादी के अनुसार दिया जाए। जातीय गणना के पीछे यही मुख्य तर्क हैं। समाजवाद के महान पुरोधा डॉ. राम मनोहर लोहिया के इस नारे को उद्धृत किया जा रहा है कि जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी और पिछड़े पावें सौ में साठ। यानी लोहिया जी के सामाजिक न्याय के लक्ष्य को पाने के लिए भी जातीय गणना अपरिहार्य है। दूसरा पक्ष यह है कि अंग्रेजों ने जातीय जनगणना आरंभ किया। स्वतंत्रता के बाद पहली सरकार ने तय किया कि केवल अनुसूचित



जाति -जनजाति की गणना होगी अन्य की नहीं क्योंकि अंग्रेजों ने समाज में फूट डालो और राज करो नीति के तहत जातीय जनगणना किया। क्या स्वतंत्रता संघर्ष से निकल सत्ता में आए हमारे पूर्वज नेता पिछड़ों के विरोधी थे? दुर्भाग्य यह है कि मंडलवाद की राजनीति ने आरक्षण को ही सामाजिक न्याय का सबसे बड़ा पर्याय बना दिया। दूसरे, किसी भी समुदाय पिछड़ा वर्ग, दलित या अनुसूचित जनजाति की संपूर्ण आबादी वंचित नहीं होती। जिन्हें अगड़ा कहते हैं उनमें भी वंचित और पिछड़े हैं । लोहिया जी ने जाति तोड़ो का नारा दिया था। इसका अर्थ है कि वह एक समय बाद ऐसी जातिविहीन सामाजिक व्यवस्था चाहते थे जहां जातीय आधार पर विशेष व्यवस्था की आवश्यकता न हो । मंडलवाद से निकले नेताओं ने वोट के लिए जातीय भाव को ज्यादा सशक्त किया और संख्या बढ़ाने के लिए अनेक जातियों को इनमें शामिल कर दिया। लोहिया जी ने जब नारा दिया तब और आज में आमूल परिवर्तन आ गया है। राजनीति में दलित और अनुसूचित जाति के लिए उनकी जनसंख्या के अनुरूप आरक्षण है और सबसे ज्यादा मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, स्थानीय निकायों में निर्वाचित प्रतिनिधि पिछड़ी जातियों से हैं। प्रधानमंत्री स्वयं पिछड़ी जाति से हैं और राष्ट्रपति आदिवासी। आज पिछड़ा और दलित मानी गई कई जातियों की एक बड़ी आबादी हर दृष्टि से अग्रिम पंक्ति में हैं। क्या आरक्षण और अन्य सुविधाओं को जैसे को तैसा कायम रखा जाना चाहिए? वोटों की राजनीति के कारण कोई इसे स्पर्श करना नहीं चाहता। इसका परिणाम स्वयं पिछड़ों एवं दलितों के अंदर भी वंचित जातियों, समूहों या व्यक्तियों के अंदर अपने ही के विरुद्ध असंतोष और विद्रोह का भाव पैदा हुआ है। अनुसूचित जाति - जनजाति न्यायालयों में ज्यादातर मुकदमे पिछड़ी जातियों के विरुद्ध हैं। बिहार और उत्तर प्रदेश में यादवों के विरुद्ध अन्य जातियों के अंदर आक्रोश है और वह मतदान में प्रकट होता है। बिहार में यही स्थिति कुर्मी और कोईरी के संदर्भ में भी है।

जाति व्यवस्था को लेकर दो मत रहे हैं। गांधी जी और उनकी तरह के लोग जातिभेद के विरुद्ध थे जाति के नहीं। समाजवादी धारा के लोगों ने जातिविहीन समाज का नारा दिया। आज इनमें से ज्यादातर जातियों का समीकरण बनाकर अपनी राजनीति करते हैं। यहीं से रिपोर्ट के अंतर्विरोध और भविष्य के चिंताजनक संकेत मिलने लगते हैं। इसकी विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़ा किया गया है। अन्य पिछड़ों में सबसे ज्यादा यादव की आबादी 14.26 प्रतिशत बताई गई है। यादवों की इतनी बड़ी संख्या की कल्पना ज्यादातर को नहीं थी। उनकी आबादी 8-9 प्रतिशत मानी जा रही थी। इसलिए गणना की विश्वसनीयता पर पिछड़ी जातियों की ओर से भी प्रश्न खड़े किए जा रहे हैं । पूछा जा रहा है कि क्या अब सरकार की योजनाओं में सबसे ज्यादा हिस्सा यादवों को मिलेगा? जातीय जनगणना का हीरो बने नीतीश कुमार के सामने राजनीतिक अस्तित्व का प्रश्न खड़ा हो सकता है। इतनी बड़ी आबादी जिस जाति की हो नेतृत्व उसके हाथों होगा या 2.87 प्रतिशत कुर्मी का प्रतिनिधित्व करने वाले के हाथों? मंडल आयोग लागू करने के हीरो विश्वनाथ प्रताप की राजनीति का इसी से उभरे नेताओं ने अंत कर दिया। वही हश्र नीतीश कुमार का हो सकता है। आईएनडीआईएके लिए वे हीरो हो जाएं, पर बिहार की राजनीति से उनके अंत की शुरुआत संभव है। ब्राह्मण और भूमिहारों की क्रमशः 3.66 प्रतिशत और 2.86 प्रतिशत को भी संदेहास्पद बताया गया है। यह मांग थी कि भूमिहार भी ब्राह्मण हैं और उनकी गणना ब्राह्मणों के साथ की जाए। ज्यादा संभावना है कि आगे ये अपनी ताकत दिखाने के लिए साथ आएं। राजपूतों ने 3.45% आबादी को कम बताए जाने का आरोप लगाया है। देश में 46 लाख जातियां व गोत्र हैं, इनमें जाति आधार पर प्रतिनिधित्व की मांग उठेगी, तो क्या हल होगा?

विश्व पशु कल्याण दिवस
योगेश कुमार गोयल



# पारिस्थितिकी संतुलन के लिए पशुओं का संरक्षण आवश्यक

पशुओं के कल्याण मानकों में सुधार को लेकर दुनियाभर में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 4 अक्तूबर को 'विश्व पशु कल्याण दिवस' मनाया जाता है। पशुओं के अधिकारों के लिए यह एक ऐसी वैश्विक पहल है, जिसका प्रमुख उद्देश्य पशु कल्याण के लिए बेहतर मानक सुनिश्चित करना है। विश्व पशु दिवस पहली बार सिनोलॉजिस्ट हेनरिक जिमर्मन की पहल पर जर्मनी के बर्लिन में 24 मार्च 1925 को पशु कल्याण के बारे में जागरूकता फैलाने के मकसद से मनाया गया था और उस कार्यक्रम में पांच हजार से भी ज्यादा लोगों ने भाग लेते हुए इसे समर्थन दिया था। पशुओं की लुप्तप्राय प्रजातियों की दुर्दशा को उजागर करने के लिए इटली के फ्लोरेंस में 1931 में आयोजित पारिस्थितिकीविदों के एक सम्मेलन में विश्व पशु दिवस की शुरुआत की गई थी और तब असीसी के सेंट फ्रांसिस के पर्व के कारण यह दिवस मनाने के लिए प्रतिवर्ष 4 अक्तूबर को ही चुना गया था। 2003 में पहली विश्व पशु दिवस वेबसाइट यूके स्थित पशु कल्याण चैरिटी 'नेचर वॉच फाउंडेशन' द्वारा लांच की गई थी। इस दिन को 'पशु प्रेमी दिवस' के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि यह पशु अधिकारों को बढ़ावा देने वाले व्यक्तियों एवं संगठनों का समर्थन करके जानवरों के प्रति प्यार, देखभाल, स्नेह और सुरक्षा को प्रोत्साहित करता है। नोबेल पुरस्कार विजेता फ्रांसीसी उपन्यासकार अनातोले फ्रांस का कहना था कि जब तक कोई व्यक्ति किसी जानवर से प्यार नहीं करता, तब तक उसकी आत्मा का एक हिस्सा जागृत नहीं रहता। वहीं चार्ल्स डार्विन के शब्दों में कहें तो सभी जीवित प्राणियों के प्रति प्रेम ही मनुष्य का सबसे महान गुण है। पशु प्रेम के बारे में महात्मा गांधी कहते थे कि किसी राष्ट्र की महानता और उसकी नैतिक प्रगति का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि वहां जानवरों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है। दरअसल पशु मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो न केवल हमारे जीवन को समृद्ध बनाते हैं बल्कि हमें बेहतर इंसान भी बनाते हैं। पारिस्थितिकी तंत्र में सभी जानवर प्रकृति की पारिस्थितिकी को संतुलित रखते हुए हमारे पर्यावरण की रक्षा करने और मानव स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में भी समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मनुष्य और पशु न केवल एक-दूसरे पर निर्भर हैं बल्कि एक-दूसरे के पूरक भी हैं। सही मायनों में दोनों का अस्तित्व ही खुशहाली का प्रतीक है और यदि जंगल से किसी एक जीव की प्रजाति भी लुप्त होती है तो उसका असर सम्पूर्ण पर्यावरण पर पड़ता है। विश्व पशु दिवस विश्वभर में कल्याण मानकों के मिशन के साथ जानवरों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक ऐसा सामाजिक आन्दोलन है, जो प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिवस का विषय है 'ग्रेट ऑर स्मॉल, लव दैम ऑल' यानी पशु चाहे छोटे हों या बड़े, हम उन सभी से प्यार करें। 2022 में यह दिवस 'ए शेयर्ड प्लेनेट' थीम के साथ मनाया गया था, जिसके माध्यम से दुनियाभर में लोगों को यह संदेश दिया गया था कि यह दुनिया प्रत्येक जीवित प्राणी की है, न कि केवल इंसानों की। वास्तव में यह दिन विश्वभर में लोगों को न केवल पशुओं की विलुप्तप्रायः प्रजातियों के बारे में अवगत कराता है बल्कि यह भी बताता है कि कैसे उनका संरक्षण किया जाए। भारत में करीब 70 फीसद आबादी कृषि तथा कृषि संबंधी व्यवसायों पर निर्भर है। प्राचीन काल से ही पशुपालन और कृषि व्यवसायों का आपस में गहरा संबंध रहा है। गरीबी से त्रस्त परिवारों के लिए तो पशुधन ग्रामीण मुद्राएं हैं, जो खासकर गरीब परिवारों के लिए बीमा विकल्प के रूप में भी कार्य करता है क्योंकि यह उनके लिए ऐसी सम्पत्ति है, जिसे संकट के समय बेचा जा सकता है। यही कारण है पालतू पशुओं को 'पशुधन' कहा जाता है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में भी पशुधन की बड़ी भागीदारी रही है। भारत का पशुधन क्षेत्र दुनिया के सबसे बड़े पशुओं की आबादी का 11.6 फीसदी है और सकल घरेलू उत्पाद के संदर्भ में राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में पशुधन तथा मत्स्य क्षेत्रों का योगदान क्रमशः 4.1 और 0.8 प्रतिशत है। मानव और पशुओं के आपसी संबंध मानव जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं क्योंकि पशुओं का मानवीय समाज में विभिन्न रूपों में योगदान होता है।

## गलतियों को खुले मन से स्वीकार करें



संकलित
दर्शन

कार्य संपन्न होने की प्रक्रिया में कदाचित त्रुटियां रह सकती हैं, भले ही कार्य निष्ठा से किया जाए। अगर कोई आपके किए-कराए में चूक निकाले, उस पर टिप्पणी करे तो नाराज होने के बजाय उसे खुलेमन से स्वीकार करें। वैसे आप गलतियां करने से तभी बच पाएंगे, जब कुछ नहीं करेंगे। अपने अवगुण या खोट को स्वीकार करना श्रेष्ठ मानवीय गुण है। औसत सोच का व्यक्ति ऐसा करने में असमर्थ होता है। अवांछनीय या अनुचित कार्य की अनदेखी का अर्थ है संशोधन के द्वार बंद कर देना। सर्वगुणसंपन्न व्यक्ति तो साक्षात देवता है। भूल-चूक की स्वीकारोक्ति प्रगति की राह में पहला चरण है। इस प्रक्रिया में आप अनेक व्यक्तियों का विश्वास जीतते हैं। जिस सत्य का सामना करने के लिए तैयार नहीं, उसे बदलेंगे कैसे? जिसे अपनी अपूर्णताओं का आभास नहीं वह मूर्ख नहीं, बल्कि दयनीय है, क्योंकि ऐसा व्यक्ति अपने अवगुणों को दूर नहीं कर सकेगा। जिस सीमा तक हम अपनी अपूर्णताओं और अवांछनीय व्यवहार के प्रति सजग रहेंगे और समाधान की ओर अग्रसर रहेंगे, उसी अनुपात में हम नैतिक रूप से समृद्ध होंगे। व्यावहारिक जीवन में संयमी, संयत व्यक्ति से भी भूल-चूक हो जाती है। उन्नत सोच का व्यक्ति अपनी भूल को तुरंत स्वीकार कर लेगा। मध्यम सोच वाले को गलती का अहसास तो होगा, वह मन में कुढ़ेगा भी, किंतु लज्जित होने की आशंका से वह गलती को खुलेआम नहीं मानेगा।

## अपने इष्टदेव के मंत्रों का जप और ध्यान करें



संकलित
प्रेरणा

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### चुनावी पार्टियों का बढ़ने लगा सामाजिक सरोकार

पांच राज्यों के चुनाव में मुख्य रूप से भाजपा और कांग्रेस की हलचल तेज हो गई है। चुनावी सभाओं में एक दूसरे पर कटुता का प्रहार का दौर चल रहा है। मध्यप्रदेश में स्थानीय उमीदवारों पर कोई रावण की उपमा दे रहा है तो कोई अभद्र भाषा का उपयोग कर रहा है। अभिव्यक्ति की आजादी में चुनावी समर में नेताओं की बल्ले बल्ले है। भाजपा विकास कार्यो का कच्चा चिट्ठा लोगों के समक्ष रख रही है। तब कांग्रेस सत्ता में नही होने के कारण उनके पास विकास के कोई मुद्दे नही है। कांग्रेस के कहने के लिए जातिय जनगणना और अदाणी के सिवा कोई ठोस मुद्दा नही है कि जनता के दरवाजे पर जाकर वोट के लिए जनता से आग्रह कर सके। *-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

### ट्रंप की प्रचार मुहिम ने मुझे पिंजरा भेजा : हेली

अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की दावेदार निक्की हेली ने कहा है कि देश के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चुनाव प्रचार मुहिम ने पिछले सप्ताह बहस के मंच पर उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद उन्हें एक पिंजरा और पक्षियों का भोजन भेजा था। हेली आयोवा, न्यू हैम्पशायर और साउथ कैरोलाइना जैसे कुछ प्रमुख प्रारंभिक प्राइमरी और कॉकस राज्यों में ट्रंप के बाद दूसरे स्थान पर रही हैं। ट्रंप की प्रचार मुहिम ने पिछले सप्ताह रिपब्लिकन पार्टी के प्राइमरी चुनाव की बहस के तुरंत बाद हेली के खिलाफ कई बयान जारी किए थे।



## ऑफ बीट

### बुध ग्रह अभी भी सिकुड़ता जा रहा

ग्रह वैज्ञानिक लंबे समय से जानते हैं कि बुध अरबों वर्षों से सिकुड़ रहा है। सूर्य के सबसे निकट ग्रह होने के बावजूद, आंतरिक गर्मी निकल जाने के कारण इसका आंतरिक भाग ठंडा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि जिस चट्टान (और, उसके भीतर, धातु) से यह बना है, उसका आयतन थोड़ा सिकुड़ता जा रहा है। हालाँकि, यह अज्ञात है कि ग्रह आज भी किस हद तक सिकुड़ रहा है – और, यदि यह वाकई सिकुड़ रहा है, तो यह भी कोई नहीं जानता कि यह प्रक्रिया कितने समय तक जारी रहने की संभावना है। चूँकि बुध का आंतरिक भाग सिकुड़ रहा है, इसकी सतह (परत) के पास ढकने के लिए उत्तरोत्तर कम क्षेत्र रह गया है।



## ट्रेंड

### 'अम्मा' सेवा की अवतार



'अम्मा' प्रेम, करुणा, सेवा और बलिदान की अवतार हैं और वह भारत की आध्यात्मिक परंपरा की वाहक हैं। अमृतानंदमयी के अनुयायी उन्हें 'अम्मा' कहकर संबोधित करते हैं। माता अमृतानंदमयी को 70वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई। **-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### काम करने को उत्सुक



बतौर निर्माता मेरी अगली फिल्म 'लाहौर, 1947' होगी जिसमें अभिनेता के रूप में सन्नी देओल होंगे और इसका निर्देशन राजकुमार संतोषी करेंगे। वह देओल और संतोषी के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं।
**-आमिर खान, अभिनेता व निर्माता**

### संदेश के साथ मनोरंजन भी



हम जल्द ही अपनी 170वीं फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे, जो एक सामाजिक संदेश देने के साथ ही काफी मनोरंजक होगी। इसका निर्देशन टी. जे. ज्ञानवेल करेंगे, जिनकी फिल्म 'जय भीम' बहुचर्चित रही थी।
**-रजनीकांत, अभिनेता**

### गूगल की अनुचित रणनीति



गूगल के अनुचित रणनीति का इस्तेमाल करने के कारण सर्च इंजन के रूप में उसका प्रभुत्व बढ़ा है। ऐसी रणनीति के चलते ही उनकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट का प्रतिद्वंद्वी कार्यक्रम 'बिंग' विफल रहा।
**-सत्या नडेला, सीईओ, माइक्रोसॉफ्ट**

## संक्षेप

### अम्बेडकरनगर को मिली 9 डाक्टरों की सौगात

#### जिला अस्पताल, एमसीएच विंग में होगी डाक्टरों की तैनाती

अम्बेडकरनगर, चिकित्सको की कमी से जूझ रहे अम्बेडकरनगर में 9 चिकित्सकों को शासन द्वारा तैनाती दी गई है। इनमें तीन चिकित्सक जिला अस्पताल में दो चिकित्सक एमसीएच विंग टांडा में तैनात किये गए है। वही चार चिकित्सक सीएमओ कार्यालय के अधीन रहेंगे। इन डाक्टरों की तैनाती से जिले के मरीजो को इलाज में काफी राहत मिलेगी। जिला अस्पताल में जिन तीन चिकित्सको की तैनाती किया गया है, उनमें एक मनोरोग चिकित्सक एवं दो आर्थो के चिकित्सक है। मरीजो को बेहतर इलाज मिले। इसके लिए स्वास्थ्य निदेशालय ने जिले को 9 चिकित्सकों की सौगात दी है। इसमें जिला अस्पताल को स्थायी तौर पर मनो चिकित्सक का लाभ मिलने जा रहा है। आस्थायी तैनाती होने से मानसिक बीमारी से परेशान मरीज जिला अस्पताल में बेहतर ढंग से इलाज सुनिश्चित करा सकेंगे। जिला अस्पताल मनोरोग चिकित्सक के तौर पर डॉ. अब्दुल हफीज की तैनाती की गई है। हड्डी से जुड़े इलाज को और भी बेहतर बनाने के लिए जिला अस्पताल में दो आर्थो चिकित्सक डॉ. अभिनव प्रताप सिंह व डॉ. दीपक कुमार की नियुक्ति की गई है। यहां पहले से ऑर्थो चिकित्सक तैनात हैं। अब दो और चिकित्सक आने से हड्डी से जुड़े इलाज में मरीजों को आसानी होगी। वही टांडा में दो सौ शैय्या वाले मातृ शिशु विंग में दो नए बालरोग विशेषज्ञ की तैनाती की गई है। डॉ. रिचा सिंह व डॉ. प्रमोद कुमार यहां अब बालरोग विशेष की जिम्मेदारी संभालेंगे। उधर चार अन्य चिकित्सक डॉ. सुनील कुमार, डॉ. चंद्रेश कुमार, डॉ. पूनम वर्मा व डॉ. पूजा चौधरी को सीएमओ कार्यालय से संबद्ध किया गया है। इन्हें आवश्यकता अनुसार सीएचसी व पीएचसी में तैनात किया जाएगा। सीएमओ डॉ. राजकुमार ने बताया कि 9 चिकित्सक की तैनाती हुई है। अभी किसी भी चिकित्सक ने ज्वाइन नहीं किया है।

### राठ में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

#### कमरे में लटका मिला शव, मानसिक रूप से परेशान था, चल रहा था इलाज

राठ, हमीरपुर में राठ कस्बे के मलौंहा रोड स्थित लुधियातपुरा इलाके में एक अधेड़ ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना की जानकारी लगते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, राठ कस्बे के मलौंहा रोड स्थित लुधियातपुरा इलाके के निवासी हरगोविंद पुत्र कालीचरन विश्वकर्मा ने मानसिक तनाव के चलते अपने घर में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जब मृतक के परिजनों ने उसे फांसी के फंदे पर मृत अवस्था में लटकता हुआ देखा तो उनके होश उड़ गये। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक हरगोविंद के पास चार बीघा कृषि भूमि थी। इसके अलावा वह अपने मकान में चक्की चलाकर एवं फर्नीचर बनाकर अपने परिवार के भरण पोषण में सहयोग करता था।

# घटिया सड़क निर्माण का नगरवासियों ने किया विरोध



**अमन लेखनी समाचार/मोहम्मद कौसर**

रूपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रूपईडीहा के नेशनल हाईवे मोड़ से माल गोदाम रोड तक जिला पंचायत द्वारा सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें जिला पंचायत के ठेकेदार द्वारा अनियमितता बरती जा रही है। ऐसा आरोप लगाते हुए नगरवासी सड़क निर्माण स्थल पर पहुंचे और ठेकेदार व संबंधित विभाग के प्रति आक्रोश जताया। जिसके तुरंत बाद नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में चेयरमैन की अध्यक्षता में सभासद राजकुमार गुप्ता, सीमा देवी, महिमा वर्मा, ध्रुवराज वर्मा, जान मोहम्मद, प्रज्ञा मदेशिया, परवीन बानो, जाकिर हुसैन, मनोज प्रजापति द्वारा बोर्ड मीटिंग की गई। नगर वासियों से प्राप्त हुई जानकारी को बोर्ड मीटिंग में उठाते हुए बताया गया कि ठेकेदार विभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर घटिया सड़क का निर्माण करा रहा है। सड़क निर्माण में खराब सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। बिना रोड उजाड़े पॉलिथीन बिछाकर निर्माण कार्य घटिया तरीके से किया जा रहा है। जिससे सड़क की गुणवत्ता पर सवालिया निशान खड़ा होने लगा है। चेयरमैन सहित सभी सभासदों ने सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया और बताया की जिला पंचायत द्वारा नवसृजीत नगर पंचायत रुपईडीहा में सड़क निर्माण कार्य कराया जाना नगर पंचायत के अधिकारों का हनन है नगर पंचायत के गठन के बाद जिला पंचायत व अन्य कोई निकाय निर्माण कार्य नगर पंचायत में नहीं कर सकता है। साथ ही यह भी बताया गया कि जिला पंचायत बहराइच द्वारा कोई भी जानकारी नगर पंचायत अध्यक्ष को नहीं दी गई ना ही कोई प्रपत्र दिखाया गया। मीटिंग में मांग की गई की जिलाधिकारी को इस संबंध में अवगत कराया जाए और स्थलीय निरीक्षण कराकर समस्या का समाधान कराया जाए। जिसपर अध्यक्ष ने बताया कि जिलाधिकारी बहराइच को पत्राचार के माध्यम से मामला अवगत करा दिया गया है। समस्या का समाधान न होने तक सड़क निर्माण कार्य रोक दिया गया है।

### उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने भी दर्ज कराया विरोध

सड़क के गुणवत्ता पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल रुपईडीहा इकाई ने भी सवाल खड़े किए हैं। व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय मित्तल, महामंत्री एस के वर्मा, संरक्षक रतन अग्रवाल ने बताया कि पूर्व में व्यापार मंडल द्वारा माल गोदाम रोड को खोदकर विधवत रूप से नाली सहित सड़क निर्माण करने की मांग नगर पंचायत अध्यक्ष से किया गया था। इसलिए मानक के अनुरूप नगर पंचायत के द्वारा या निगरानी में सड़क निर्माण होना चाहिए।

# जयमाला व चंपाकली के लिए हुआ फल महोत्सव

**कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब ने किया आयोजन**

**चंपाकली और जयमाला ने उड़ाई गुड़ और फलों की दावत**

**अमन लेखनी समाचार**



मोतीपुर, बहराइच। 01 से 07 अक्टूबर के अंतर्गत वन्य प्राणी सप्ताह के समारोह के अवसर पर शनिवार कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के तत्वाधान में कतर्नियाघाट फ्रेंडस क्लब की ओर से कतर्नियाघाट की राजकीय हथनियों चंपाकली और जयमाला के लिए फल महोत्सव का आयोजन किया गया इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष भगवान दास लखमानी वन क्षेत्रधिकारी कतर्नियाघाट अनूप कुमार, विश्व प्रकृति निधि के दबीर हसन, वन दरोगा मयंक पांडे विहान बालिका आवासीय विद्यालय की शिक्षिका श्रृद्धा रैकवार स्कूल की छात्रा स्नेहा पांडे, दिशा पाठक, निशा सोनकार एवं प्रीति सोनकर व कई गाँवों के ग्राम प्रधानों समेत बड़ी संख्या में मौजूद वनकर्मियों ने चंपाकली और जयमाला को क्लब की ओर से लाए गए गुड़ 10 दर्जन केले 05 किलो सेब खिलाये। फ्रेंड्स क्लब के अध्यक्ष भगवान दास लखमानी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भारत इस वर्ष भी फल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# तहसील समाधान दिवस में आये 109 शिकायती पत्र आठ का हुआ निस्तारण



**अमन लेखनी समाचार**

कैसरगंज, बहराइच। तहसील समाधान दिवस कैसरगंज में अध्यक्षता कर रहे उप जिलाधिकारी कैसरगंज पंकज दीक्षित के साथ में पुलिस क्षेत्राधिकार कमलेश कुमार सिंह तहसीलदार अजय कुमार एवं नायब तहसीलदार ने आए हुए फरीदियो की फरियाद सुनी तथा मौके पर 9 मामले का तत्काल निस्तारण कर दिया गया। बाकी शेष एप्लीकेशन को संबंधित विभाग के कर्मचारियों को अग्रसारित कर दिया गया है। कर्मचारियों को सख्त हिदायत व दिशा निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी प्रकरण में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और राजस्व संबंधी जितने भी पुराने मामले हैं उनको जल्द से जल्द लेखपाल कानून निस्तारित करें साथ ही साथ काश्तकार को किसानों को उनके संबंधी लाभ भी बताये।

# डीएम की अध्यक्षता में पयागपुर में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

## अवैध कब्जा न छोड़ने वालों के खिलाफ की जाय कठोर कार्रवाई: डीएम

**अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा**



बहराइच। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील पयागपुर में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर, उप जिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी आनन्द कुमार राय व अन्य अधिकारियों के साथ आए हुए फरियादियों के समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस प्राप्त 131 प्रार्थना पत्रों में 16 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के सम्बंध में जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि तीन दिवस में मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण आख्या के साथ जिओ टैग फोटो भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि धारा 24 के निस्तारित वादों में भूमि पैमाईश अनिवार्य रूप से करा दी जाए ताकि प्रकरण का पूरी तरह से निस्तारण हो जाए। उन्होने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि पैमाईश के उपरान्त कब्जा न छोड़ने वाले के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई अमल में लायी जाय। आईजीआरएस के संदर्भो का मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं समीक्षा की जा रही है इसकी गम्भीरता को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारी नियमित रूप से आईजीआरएस संदर्भो का अवलोकन अनिवार्य रूप से करते हुए समय से निस्तारण सुनिश्चित कराये। प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभार्थी के आवासीय भूमि से सम्बन्धित प्रकरण के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि ऐसे मामलों में लेखपाल, पंचायत सचिव व पुलिस की टीम संयुक्त रूप से मौके पर जाकर भूमि से सम्बन्धित समस्या का समाधान कराएं ताकि लाभार्थी को आवास निर्माण में किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीएम द्वारा खण्ड विकास अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि पयागपुर क्षेत्र के निराश्रित गौवंशो को पकडवाक र सम्बन्धित गौआश्रय स्थलों में संरक्षित कराना सुनिश्चित करें इसकी सूचना डे-बाई-डे सम्बन्धित को भी उपलब्ध कराये। वरासत अभियान के सम्बन्ध में डीएम ने शासन द्वारा दी गई व्यवस्था के अनुसार कार्यवाही का निर्देश देते हुए लेखपालों को हिदायत दी कि आवश्यक जांच पड़ताल के पश्चात मृतक के जायज वारिसानों का ही नाम खतौनी में दर्ज किया जाय। डीएम मोनिका रानी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का पूरी संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को त्वरित न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शों को अमलीजामा पहनाया जाय। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडी डीआरडीए राज कुमार, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, सीवीओ डॉ राजेन्द्र प्रसाद, नोडल सरयू नहर खण्ड दिनेश कुमार, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्ता, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, बीएसए अव्यक्तराम तिवारी, सहायक निदेशक मत्स्य जितेन्द्र कुमार, डीपीओ राज कपूर व अन्य अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्षगण मौजूद रहे।

*उल्लेखनीय है कि तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 30 में 03 महसी में प्राप्त 21 में 02, सदर बहराइच में प्राप्त 68 में 03, कैसरगंज में प्राप्त 109 में 08 व नानपारा में प्राप्त 55 में 06 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया।*

# पुलिस की कार्यशैली से लोग परेशान



**पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष को रात मे चेकिंग के नाम पर किया परेशान**

**अमन लेखनी समाचार**

कैसरगंज, बहराइच। थाना कैसरगंज के अंतर्गत ग्राम हिसामपुर चौकी गंडारा के रहने वाले दो लोगों के साथ पुलिस ने रात करीब 1:00 बजे चैकिंग के नाम पर अभद्र व्यवहार किया। नजमुल हसन नदवी सामाजिक कार्यकर्ता व प्रापर्टी डीलर निवासी लखनऊपुत्र सरताज अहमद खान व अपने छोटे भाई डाक्टर फैजुल हसन (पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय) के साथ बीती रात 5/6 अक्टूबर को एक बजे अपने ससुराल बहराइच में साले की बारात से वापस अपने पैतृक गांव ग्राम पंचायत पचम्भा अपनी पर्सनल कार से लौट रहे थे तभी जमापुर चौराहा व भाखौरा गांव से पहले आम की बाग के पास सुनसान रास्ते मे पुलिस ने चेकिंग के नाम पर गाड़ी रोक कर काफी अभद्र व्यवहार किया। इस दौरान पुलिस ने पूरी गाड़ी की सघन तलाशी ली और अभद्र शब्दों का प्रयोग भी किया। पीड़ित समाजिक कार्यकर्ता व प्रापर्टी डीलर है, पुलिस की इस कार्यशैली से काफी आहत है। इस घटना से आहत पीड़ित ने चौकी प्रभारी गंडारा के इस रवैये पर उपजिलाधिकारी कैसरगंज को पत्र लिखकर उचित कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# तोरिया का बीज मिनीकिट पाकर किसानों के खिले चहरे



**अमन लेखनी समाचार**

बहराइच। तहसील पयागपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील के ग्राम शम्भू टिकुरी के देवनरायन, कामता प्रसाद व रामकरन, ग्राम गुरचाही के विनित कुमार व बृजेश कुमार, ग्राम वैनी के राज नरायन शुक्ला, उमाशंकर शुक्ला व राम कुमार, ग्राम लालपुर के राम सुहावन व लालजी, ग्राम परसिया आलम बुधई, ग्राम झाला तरहर के योगेन्द्र कुमार मिश्र, प्रहलाद, रीता व श्यामपति को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर व अन्य अधिकारियों के साथ तोरिया बीज मिनीकिट का वितरण किया।

# त्योहारों में खलल डालने वाले अराजक तत्वों को होगी जेल

## थाना सुजौली में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

**अमन लेखनी समाचार**



बहराइच। पर्व त्योहार को लेकर पुलिस सतर्क है पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के निर्देशन में पुलिस लगातार पीस कमेटी की बैठक आयोजित कर शांति बनाए रखने की अपील कर रही है। थाना सुजौली परिसर में पीस कमेटी की बैठक थाना प्रभारी सौरभ सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुई। थाना प्रभारी ने कहा की आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाए। त्योहारों में खलल डालने वाले अराजक तत्व को तत्काल जेल भेजा जाएगा। बैठक में दुर्गा पूजा कमेटी सुजौली कारीकोट, चहलवा, चफरिया, बिछिया समेत कई गांव के समिति के पदाधिकारी तथा ग्राम प्रधान सुजौली राजेश गुप्ता, रामखेलावन पाल, प्रमोद आर्य इकरार अंसारी, केशव राम चौहान, शिव कुमार निषाद, सरोज गुप्ता, हंसराज, क्रांति मिश्रा, प्रमोद यादव, प्रदीप सिंह, उप निरीक्षक शंकर सिंह, अरविंद यादव ओम प्रकाश यादव, राजकुमार यादव, सुरेंद्र सिंह बौद्ध समेत काफी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

**रजिस्ट्रेशन** श्रद्धालुओं का हो रहा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, कोलकाता से मंगाए गए 500 गद्दे-रजाई और कंबल

# रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारी शुरू

**अमन लेखनी समाचार**



अयोध्या, अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि में निमार्णाधीन रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियां शुरू हो गई है। मंदिरों और धर्मशालाओं में श्रद्धालुओं के रहने और खाने का इंतजाम हो रहा है। इसके साथ ही गृहस्थ परिवारों को भी चिह्नित किया जा रहा है। श्रद्धालुओं का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी कराया जा रहा है। साथ ही गूगल फॉर्म भी भरवाया जा रहा है। ताकि श्रद्धालुओं के आने पर उन्हें उचित स्थान पर ठहराया जा सके। गायत्री मंदिर के व्यवस्थापक राम केवल ने बताया, मंदिर में एक हजार से 1500 यात्रियों के रुकने और भोजन की व्यवस्था मंदिर में की जा रही है। कोलकत्ता से 1000 गद्दे, रजाई, कंबल तकिया मंगाया जा चुका है। ताकि ठंड में श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व विहिप सहित श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की संयुक्त बैठक में अतिथि देवो भव योजना को साकार करने का निर्णय लिया गया है। संगठन के कार्यकताओं को निर्देशित किया गया है कि वह नगर निगम के वार्डों में 25-25 परिवारों का चयन कर उनकी सहमति ले। इसके साथ चयनित भवन स्वामियों से यह भी सुनिश्चित करा लें कि क्या उनके घरों में कितने श्रद्धालुओं को रोकना संभव है। एक से अधिक कमरे देने से पहले बताना होगा एक से अधिक कमरे सुनिश्चित होने की दशा में यह भी पता करें क्या ठहराये गए श्रद्धालुओं को बिना किसी दबाव के जलपान कराना संभव होगा। इसके अतिरिक्त दोपहर व रात्रि में भोजन की व्यवस्था हो सकेगी। यदि आर राम नगरी में रहते है, और भगवान के प्राण प्रतिष्ठा के दौराना राम भक्तों की सेवा करना चाहते है, तो गूगल फॉर्म के माध्यम से फार्म पूर्ण रूप से भरने के बाद सबमिट कर दें।

इसमें परिवार के मुखिया का पूरा ब्यौरा फार्म में रहेगा। इस फॉर्म में परिवार के मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर व पता के अलावा खाद्य व्यवस्था जैसे जलपान कराए सकेंगे या नहीं। भोजन दोपहर या रात्रि में करा सकेंगे अथवा नहीं। या फिर तीनों में से कोई व्यवस्था संभव नहीं। यह भी सूचना दर्ज होगी। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियों की इन बैठकों में संगठन की ओर से वालंटियरों की टीम का भी गठन किया जा रहा है।

यह टीम देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को उनके ठहरने के स्थान व भोजन की व्यवस्था के स्थल के अलावा आवागमन के सम्बन्ध में वाहनों की उपलब्धता व वाहनों की पार्किंग के स्थलों की पूरी जानकारी देंगे। उनके मददगार बनकर नीयत स्थान पर उन्हें सुरक्षित भिजवाने की चिंता करेंगे। इसके अलावा किसी आकस्मिक परिस्थिति अथवा बीमारी की दशा में अस्पताल, मेडिकल स्टोर अथवा यथा परिस्थिति में जरूरत के मुताबिक एम्बुलेंस का भी प्रबंध कराएंगे।

# बीजेपी कार्यालय प्रभारी और पुलिसकर्मियों पर अवैध वसूली का आरोप

- **आवास एलाटमेंट का कागज मांगने पंहुचे, बीजेपी सभासद और पुलिस को देख भीड़ ने काटा हंगामा**

**अमन लेखनी समाचार**



अम्बेडकरनगर, अम्बेडकरनगर में अकबरपुर जिला मुख्यालय के टांडा रोड पर स्थित कांशीराम आवास कालोनी में बुधवार देर रात जमकर हंगामा हुआ। बताया जाता है कि नगर पालिका वार्ड नंबर 9 के सभासद और डायल 112 पुलिसकर्मियों ने कांशीराम आवास कालोनी में पंहुचकर वहां रहने वाले लोगो से कागज मांगने लगे तथा आवास खाली करने के लिए कहने लगे, जिसके बाद कालोनी में रहने वाले लोगो ने हंगामा कर दिया। वहां रहने वाले लोगों ने कहा कि सभासद और पुलिस उन लोगो से पैसा मांग रही थी। वहीं हंगामा देख सभा मौके से फरार हो गए, लेकिन पुलिसकर्मियों को लोगो ने घेर लिया। बताया जाता है कि सभासद अतुल वर्मा भाजपा के कार्यालय प्रभारी भी है। अकबरपुर जिला मुख्यालय के टांडा रोड पर कांशीराम आवास कलोनी स्थित है, यंहा देर रात वार्ड नंबर 9 के सभासद एवं भाजपा के कार्यालय प्रभारी अतुल वर्मा डायल 112 के सिपाहियों के साथ पंहुचे और वहां रहने वाले लोगो से आवास का डॉक्यूमेंट मांगने लगे और आवास खाली करने को कहने लगे। इस दौरान पैसे की डिमांड भी लोगों से की गई, जिससे नाराज लोग इकट्ठा हो गए और हंगामा करने लगे।

# संक्षेप

## ग्रामीणों ने कोटेदार पर लगाया अनियमितता का आरोप

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत क्षेत्र के ग्राम पंचायत मकरहट के ग्रामीणों ने गांव के कोटेदार पर अनियमितता का आरोप लगाते हुए प्रधान हिना देवी के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी सहजनवा को शिकायत दर्ज कराते हुए जांच कराकर करवाई करने की मांग किया।प्रधान ने आरोप लगाया की गांव के कोटेदार द्वारा अंगूठा लगाकर समय से राशन उपभोक्ताओं को नहीं दिया जाता है। यदि राशन वितरण भी किया जाता है। राशन में कटौती करने साथ घटतौली भी की जाती है। जब उपभोक्ता घटतौली का विरोध करते है। तो कोटेदार द्वारा उनके नाम राशन कार्ड से काट दिया जाता है।मेरे द्वारा विरोध करने पर पर जातिसूचक भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी दी जाती है। मांग है की कोटेदार द्वारा किए जा रहे अनियमितता की जांच कर करवाई की जाय। इस दौरान चंद्र प्रकाश सिंह,राज मंगल सिंह,सुनील कुमार,सुरेश मौजूद थे।

## रास्ते से अवैध कब्जा हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत क्षेत्र के बैजलपुर और घुरियापार में रास्ते की भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए ग्रामीणों ने जन अधिकार पार्टी के पूर्व प्रत्याशी दिलीप कुमार मौर्य के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी सहजनवा को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि लोगो को आने जाने के लिए पुस्तैनी रास्ता है। उस रास्ते की भूमि परमनबढ दिवाल चला कर रास्ता रोक रखे है।जिससे ग्रामीणों को आने जाने में दिक्कतो का सामना करना पड रहा है।प्रशासन से मांग है की जनहित को देखते हुए रास्ते की भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया जाय।ज्ञापन देने वालों में देवेंद्र कुमार,राकेश,रीमा,राहुल,भजन,इब्राहिम,राम हौसला ,शनि ,गुलाब, विकास,कपिल देव मौजूद थे।

## पुण्य स्मृति में शहीद को दी गई श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गोहरारी के मजरे खदरा गांव निवासी राजेश कुमार विगत 2021 वर्ष में 7 अक्टूबर को बलिदान हो गए जिनकी पुण्य स्मृति में पहुंचे भूतपूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारी समेत अमौली विकासखंड के एडियो पंचायत विनोद कुमार आदि ने अमर बलिदानी की धर्मपत्नी अंजली समेत माता पिता के साथ भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की अमर सपूत की पुण्य स्मृति में भंडारे का आयोजन किया गया वहीं कार्यक्रम में मौजूद कारगिल युद्ध में अपने प्राणों को न्योछावर कर देने वाले झाऊपुर गाँव के अमर बलिदानी विजय पाल सिंह यादव के अनुज भ्राता अजय पाल यादव जिला पंचायत प्रतिनिधि समेत लगभग एक सैकड़ो लोगों ने महा भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर शहीद की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि दी

# सांसद ने पीपीगंज व कैम्पियरगंज में इंटरसिटी ट्रेन के ठहराव का किया उद्घाटन,बोले- आमजन को मिलेगी सुविधा

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर।सदर सांसद रवि किशन ने शनिवार को रेलवे स्टेशन पीपीगंज व कैंपियरगंज पर इंटरसिटी ट्रेन के ठहराव का उद्घाटन किया।इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री फतेह बहादुर सिंह भी मौजूद रहे। सांसद ने इसे क्षेत्र के लोगों की सुविधा में बड़ा विस्तार बताया। सांसद ने गोरखपुर की कैम्पियरगंज, पिपराइच व सहजनवां विधानसभा में स्थित कई स्टेशनों पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की पूर्व में मांग की थी। सांसद रवि किशन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया है। सांसद रवि किशन ने कहा कि कैम्पियरगंज व पीपीगंज स्टेशन पर इंटरसिटी के ठहराव से अब यहां के स्थानीय लोगों को इसे पकड़ने के लिए ज्यादा दूरी नहीं तय करनी पड़ेगी।स्थानीय स्तर पर ही यह सुविधा मिलेगी।इससे क्षेत्र का भी विकास होगा। सांसद रवि किशन ने कहा कि भारतीय रेलवे देश की जीवन रेखा है, जिससे करोड़ों यात्री प्रतिदिन यात्रा करते हैं।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेल का चैमुखी विकास हो रहा है, जिससे यात्रीयों को काफी सुविधा महसूस हो रही है।आज यात्रियों को वर्ल्ड क्लास रेल यात्रा की अनुभूति हो रही है, जिसके लिए मैं प्रधानमंत्री, रेल मंत्री व सीएम योगी के प्रति आभार प्रकट करता हूं।इस दौरान सांसद ने अटल आवासीय योजना के बारे में भी चर्चा करते हुए कहा कि अब मजदूर का बेटा मजदूर नहीं होगा। प्रधानमंत्री मोदी गरीबों के हित में सदैव प्रयासरत है।केंद्र व प्रदेश सरकार की कई योजनाओं से अब गरीब के बच्चे भी पढ़ लिख कर अधिकारी बन सकेंगे। इस अवसर पर विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री फतेह बहादुर सिंह, ब्लॉक प्रमुख कैंपियरगंज अश्वनी जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गोपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष कैंपियरगंज धीरज त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष सोनोरा गणेश साहनी, सांसद प्रतिनिधि नगर पंचायत अनिल अग्रहरि, सांसद प्रतिनिधि कैंपियरगंज ब्लाक अजय गिरी, सांसद पी आर ओ व सदस्य मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदाती समिति सदस्य पवन दुबे, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा संगम द्विवेदी, जिला अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा के बी सिंह जी ,वरिष्ठ व्यवसाय रणधीर कुमार दीपू विधायक प्रतिनिधि गणेश त्रिपाठी विधायक प्रो शमशेर सिंह , सभासदगढ़ में रवि शंकर त्रिपाठी ,अमित जायसवाल ,मनोज साहनी, लोहार यादव, भुवनेश्वर कुछ चौरसिया चौरसिया कुलदीप यादव दोनों मंडल के मंडल पदाधिकारी में मंडल महामंत्री अजय तिवारी मंडल महामंत्री अंजनी मिश्र मंडल महामंत्री अंजनी मिश्रा विपिन पांडे आकाश अग्रहरि मनोज जायसवाल राम धवन सिंह ओम प्रकाश मौर्य आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

# सीआरडी में एक दिवसीय शिक्षण सामग्री प्रदर्शनी का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। चन्द्रकान्ति रमावती देवी आर्य महिला पी०जी० कॉलेज गोरखपुर के बी०एड० विभाग की छात्राअध्यापिकाओं द्वारा एक दिवसीय शिक्षण अधिगम सामग्री प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में छात्र अध्यापिकाओं को संबोधित करते हुए मुख्य अथिति डॉ० संतोष कुमार सिंह प्राचार्य और पूर्व बी०ए० विभागाध्यक्ष रतनसेन डिग्री कॉलेज बॉसी, सिद्धार्थनगर ने कहा कि शिक्षण अधिगम सामग्री शिक्षकों, बच्चों की सोच और खोज की प्रवृति को प्रोत्साहित कर शिक्षा को सरल, सुगम, आकर्षण तथा बोधगम्य बनाती है। विशिष्ट अथिति डॉ० यशवंत सिंह राठौर, उपनिदेशक राजकीय बौद्ध संग्रहालय गोरखपुर ने कहा कि सहायक सामग्री शिक्षण प्रक्रिया को जीवंतता प्रदान करती है।इस अवसर पर चन्द्रकान्ति रमावती देवी आर्य महिला पी०जी० कॉलेज गोरखपुर और राजकीय बौद्ध संग्रहालय गोरखपुर द्वारा संयुक्त रूप से कला एंव संस्कृति संवर्धन के लिए सास्कृतिक गतिविधियों एवं शैक्षिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलन से हुआ।सभी अतिथि गण ने प्रदर्शनी में प्रयुक्त शिक्षण अधिगम सामाग्री का सुक्ष्म निरीक्षण किया और सराहना की प्रदर्शनी में सभी विषयो में नवाचार को प्रदर्शित करने वाले दर्जनों मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। महाविद्यालय प्रबंधक डॉ० विजयलक्ष्मी मिश्रा ने अथितियो का स्वागत किया। निर्णायक मंडल में वीरेन्द्र गुप्ता, श्री पवन कुमार तथा डॉ० शिवानी श्रीवास्तव रहे। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ छात्राध्यापिका प्रज्ञा पाण्डेय को द्वितीय स्थान पर अर्चना गुप्ता तथा रोशन जहान तृतीय स्थान पर रही शालीनि त्रिपाठी व चाँदनी जायसवाल को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ तथा निति गुप्ता, रितु सिंह, श्वेता शुक्ला, ज्योति सिंह को विशेष पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन बी०एड० विभाग से सुश्री सुमनलता ने किया। आभार ज्ञापन बी०एड० विभागाध्यक्ष डॉ० अपणी मिश्रा ने किया।कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ0 सुमन सिंह डॉ० रेखा श्रीवस्तव शर्मा, डॉ० इतेन्द्रधर दुबे, श्री अनंत पाठक, डॉ० विकास कुमार श्रीवास्तव, डॉ० ममता तिवारी, श्रीमती श्वेता सिंह, डॉ० सारिका पाण्डेय, श्री शैलेन्द्र कुमार राव, सुश्री ऋचा दूबे उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 78 मामले में दो का हुआ निस्तारण



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील शनिवार को सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी कुंवर सचिन सिंह ने किया।इस दौरान 78 मामले आए।मौके पर 2 मामले का निस्तारण कर दिया गया।राजस्व 45,पुलिस 9,विकास 4,अन्य 20 मामले आए थे।राजस्व संबंधित मामले का निस्तारण कराने के लिए राजस्व टीम गठित कर मौके पर भेजा गया। जब की पुलिस के मामले की जांच कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया है।इस दौरान तहसीलदार राकेश कुमार कन्नौजिया,नायब तहसीलदार भान प्रताप सिंह,दुर्गेश चौरसिया, ईओ सूर्यकांत, बीडीओ राकेश कुमार त्रिपाठी, सीओ चकबंदी साकेत कुमार त्रिपाठी, सीबीओ डा0 राजेश कुमार त्रिपाठी,कानूनगो प्रमोद कुमार, भानू प्रताप,सहित अनेक विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# कस्बे में संपूर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन

**संपूर्ण समाधान दिवस में जहानाबाद क्षेत्र के विधायक, एडीएम व एसडीएम रहे मौजूद**

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी, फतेहपुर।उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के बिंदकी कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया संपूर्ण समाधान दिवस में जहानाबाद क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के विधायक राजेंद्र सिंह पटेल व एडीएम विनय पाठक, एसडीएम अनिल यादव, सीओ सुशील कुमार दुबे आदि ने फरियादियों की समस्याओं को सनी संपूर्ण समाधान दिवस में थाना कल्याणपुर क्षेत्र के पहुर गांव निवासी व पूर्व सैनिक सशस्त्र सीमा बल नरेंद्र सिंह ने शिकायत किया कि गांव की गाटा संख्या 590 खलिहान के नाम पर दर्ज है लेकिन एक व्यक्ति होटल व मंदिर के रूप में कब्जा कर रखा है गांव के ही गाटा संख्या 449 प्राथमिक पाठशाला के नाम पर दर्ज है लेकिन उसमें कारखाना के रूप में अवैध कब्जा है पूर्व सैनिक नरेंद्र सिंह ने अवैध कब्जे को हटाने की मांग की इसी प्रकार कई फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को अधिकारियों के मध्य रखी जिनमे कुछ समस्याओं का तुरंत निस्तारित कर दिया गया और कुछ को संबंधित अधिकारी को जांच कर कार्यवाही हेतु निर्देशित कर दिया गया।

# अन्यत्र स्थान पर स्ट्रीट लाइट लगाए जाने पर अधिवक्ताओं में आक्रोश

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत क्षेत्र के मिश्रवलिया गांव में पंडित दीन दयाल उपाध्याय सोलर लाईट व स्ट्रीट लाइट योजना के तहत गांव के मुख्य स्थानों पर सोलर लाइट जिम्मेदार विभाग को लगानी थी।जिसके लिए स्थान भी प्रस्तावित था।लेकिन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी अपने सगे संबंधियों को लाभ फुचाने के लिए उनके घर के आसपास लगा दिया गया है। जब कि प्रस्तावित मुख्य बाजार, नहर चौराहा जहां शाम होते ही अंधेरा छा जाता है। पीड़ी के जांच में अनियमितता पाई गई है।और से सोलर लाइट को हटाने का निर्देश भी दिया जा चुका है।लेकिन नेडा में तैनात एक कर्मचारी द्वारा आदेश का पालन नहीं कराया जा रहा है। अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी सहजनवा को शिकायत कर मांग किया है की पहले से तय स्थान पर सोलर लाइट लगाया जाय। इस दौरान विनोद कुमार मिश्र,अनिल कुमार त्रिपाठी,केके त्रिपाठी,भूपेश त्रिपाठी, श्याम बिहारी त्रिपाठी,बुद्धिसागर यादव,अभिषेक त्रिपाठी,जयनाथ सिंह,सुरेश गोंड सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद थे।



# एसडीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस पर सुनी जनसमस्याएं

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद की जिलाधिकारी सी. इंदुमती एवं पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने संयुक्त रूप से सदर तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस में शिरकत प्रदान की समाधान दिवस पर सदर तहसील में कल 35 शिकायतें प्रस्तुत की गई जिसमें 7 मामलों का निस्तारण जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही कर दिया गया शेष शिकायतों के लिए समाधान दिवस पर मौजूद जिला अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विभागीय शासन प्रशासन राजस्व एवं अन्य कर्मचारी को निर्देशित करते हुए बताया कि समय रहते सभी मामलों का निस्तारण निष्पक्ष रूप से किया जाए जिससे पीड़ित को न्याय मिले कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के अधिकारी अनुपस्थित रहे जिस पर जिलाधिकारी ने रोष जताते हुए चेतावनी पत्र जारी करने का निर्देश दिया इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर प्रभाकर त्रिपाठी जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार सूचना विभाग अधिकारी आर एस वर्मा पुलिस क्षेत्राधिकारी परियोजना निदेशक समेत अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे

# चमचों के द्वारा कराई जा रही पीएम आवास में गरीबों से वसूली

**शिकायतों को लेकर ग्रामीण पहुंचे तहसील परिसर प्रधान तथा सचिव पर लगाया घूसखोरी का आरोप**

अमन लेखनी समाचार

खागा, फतेहपुर।जनपद के खागा तहसील अंतर्गत विजयीपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत गुरवल के ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास पर हुई गरीबों से घूसखोरी को लेकर ग्राम प्रधान तथा सचिव पर रिश्वतखोरी का आरोप लगाते हुए उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा तहसील परिसर पहुंचे लगभग दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि ग्राम प्रधान तथा प्रधान के चमचों द्वारा गांव में गरीब मजदूरों से आवास के नाम पर 20000 रुपए तक की वसूली की जा रही है अनेक ऐसे ग्रामीण है जो पात्र न होने के बाद भी ग्राम प्रधान के द्वारा पात्र बनाए गए जिसकी जांच विजयीपुर विकासखंड के खंड विकास अधिकारी ने अभी तक नहीं कराई मामले को संज्ञान में लेते हुए खागा उप जिलाधिकारी नंद प्रकाश मौर्य ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए बताया कि जल्द ही टीम का गठन करते हुए मामले की जांच कराई जाएगी यदि कोई भी अधिकारी कर्मचारी या ग्राम प्रधान मामले में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी

# डीएम ने गर्भवती महिलाओं की कराई गोदभराई व बच्चों का अन्नप्रासन्न



अमन लेखनी समाचार

बहराइच।तहसील पयागपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी स्टालो के अवलोकन के दौरान आईसीडीएस स्टाल पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा व मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर के साथ गर्भवती महिलाओं लक्ष्मी, राधा देवी, रानी, उर्मिला, नीसा, फूलनदेवी व मुस्कान की गोद भराई तथा परिधि, अनवी व आदर्श को अन्नप्रासन कराया।

फांसी — बाथरूम में चुन्नी से लगाई फांसी; मुजफ्फरनगर से भागकर मेरठ आए थे

# प्रेमी-प्रेमिका ने होटल में किया सुसाइड

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, मेरठ में प्रेमी प्रेमिका के सुसाइड करने का मामला सामने आया है। दोनों एक होटल में रुके थे। दोनों का शव बाथरूम में लटकता मिला है। होटल स्टाफ ने कई बार दरवाजा खटखटाया। लेकिन, कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला।इस पर स्टाफ ने लड़के को फोन किया। वो भी पिक नहीं हुआ। इसके बाद मास्टर-की से दरवाजा खोला, तो कमरे में कोई नहीं मिला। बाथरूम में जाकर देखा तो दोनों की लाश चुन्नी से लटकी थी। होटल मैनेजर अनुज ने बताया, दोपहर 12 बजे प्रेमी युगल होटल आए थे।दोनों ने अपनी आईडी पर कमरा लिया था। लड़के के नाम से हमने कमरा बुक किया।एक दिन के लिए उनकी कमरे की बुकिंग थी। कमरा नंबर-104 में दोनों ठहरे हुए थे।इसके बाद शाम को करीब 4.30 बजे मुजफ्फरनगर रतनपुरी थाना पुलिस के साथ युवक, युवती के माता, पिता होटल आए। पुलिस ने बताया कि साजिदा और इकबाल आपके होटल में ठहरे हुए हैं। पुलिस ने कहा कि दोनों मंगलवार से गायब हैं।दोनों भागकर मेरठ आए हैं। इनकी मोबाइल लोकेशन आपके होटल की है।इस पर हमने पुलिस को दोनों के बारे में जानकारी दी।मैनेजर ने बताया, परिजनों और पुलिस के कहने पर हम उन्हें कमरा नंबर 104 में ले गए। जहां काफी दरवाजा खटखटाने पर भी दोनों ने दरवाजा नहीं खोला।इसके बाद मास्टर की से हमने दरवाजा खोला तो लड़का-लड़की कमरे में नहीं थे। बाथरूम चेक किया तो दोनों चौखट पर लटके हुए थे।बाथरूम की चौखट पर चुन्नी से लटककर फांसी लगाई थी।इसके बाद मेरठ पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस और परिजनों ने मिलकर शवों को फंदे से उतारा।साथ ही फोरेंसिक टीम भी मौके पर आई। उसने यहां नमूने लिए हैं। दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वहीं, होटल में हुए सुसाइड के बाद होटल को फिलहाल बंद कर दिया गया है।जो कुछ मेहमान ठहरे थे, उनसे रूम खाली करा लिए गए हैं। घरवालों ने मंगलवार को रतनपुरी थाना मुजफ्फरनगर में लड़का, लड़की की गुमशुदगी की रिपोर्ट कराई थी। इसके बाद से पुलिस दोनों को तलाश रही थी। आज पुलिस लड़का, लड़की की मोबाइल लोकेशन के आधार पर मेरठ जेपी होटल में पहुंची। पुलिस के साथ दोनों के परिजन भी थे। रतनपुरी क्षेत्र निवासी दूध कारोबारी इकबाल का बेटा आमिर पशुओं का दूध लेने रोजाना पड़ोस की ही साजिदा के घर जाता था। इसी दौरान दोनों में प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। दोनों ने शादी करने का मन बना लिया। लेकिन दोनों के परिजन इस शादी के लिए राजी नहीं थे।

# गलाथा नहर पर किसानों का धरना प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



औग, फतेहपुर। विकास खण्ड देवमई के ग्राम गलाथा स्थित पम्प नहर पर शनिवार को नलकूप एक्सियन द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के खिलाफ जिला बजरंग दल के नेतृत्व में लगभग डेढ़ सौ किसानों ने धरना प्रदर्शन किया जहां पर गलाथा नहर के उच्चीकरण में बड़े पैमाने पर किया गया घोटाला तथा ब्लाक मलवां में राजकीय नलकूपों की फर्जी सिंचाई का प्रकरण जोरों के साथ छाया रहा । बताया जाता है कि इस उच्चीकरण कार्य में करीब 40 लाख रुपए खर्च दिखाए गए हैं। ज्ञात हो की अंतरराष्ट्रीय विश्वहिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के नेतृत्व में ग्राम गलाथा के करीब डेढ़ सौ किसानों ने पम्प कैनाल गलाथा के प्रांगण में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक धरना दिया । करीब दो बजे एसडीएम बिन्दकी के प्रतिनिधि के रूप में नायब तहसीलदार अमरेन्द्र कुमार आए , किसानों की समस्या तथा उनकी मांगों के अनुरूप जांच कराने तथा कार्यवाही करने का आश्वासन दिया , सभी किसानों के साथ राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकताओं ने तहसीलदार को अपना मांग पत्र सौंपा । जांच व कार्यवाही के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ ।

### मलवां ब्लॉक में फर्जी सिंचाई का मुद्दा फिर गरमाया

उक्त धरने में विकास खण्ड मलवां के सभी राजकीय नलकूपों की फर्जी सिंचाई का मुद्दा भी बजरंगियों ने बड़े जोर शोर के साथ उठाया । बजरंग दल के कार्यकताओं ने बताया कि सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना पर जिले के अभियंताओं द्वारा बहुत बड़ा खेल किया जा रहा है। सरकार की तरफ से सिंचाई निःशुल्क है , बस इसी बात का फायदा नलकूप विभाग उठा रहा है दबाव बनाकर सिंचाई कर्मियों से फर्जी सिंचाई के आंकड़े लेकर सरकार प्रेषित किए जाते हैं जबकि हकीकत यह है कि सिंचाई कर्मी ड्यूटी पर नहीं जाते हैं और फर्जी सिंचाई की प्रगति देकर अधिशाषी अभियन्ता की वाहवाही लुटते रहते हैं और एक्सियन सरकार से वाहवाही बटोरते हैं।

खास समाचार

## दिनदहाड़े एयरपोर्ट पर तैनात महिला क्लर्क के माकन से गहने और जरूरी कागजात ले उड़े चोर

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर तैनात महिला क्लर्क की गैर मौजूदगी में शुक्रवार को चोरों ने उसके मकान से कीमती गहने और जरूरी कागजात चोरी कर लिए। जानकारी होने के बाद पीड़िता ने सरोजनीनगर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर के एयरपोर्ट कॉलोनी, हिंद नगर निवासी स्व. यशपाल सिंह चौहान की पत्नी सुशीला सिंह के मुताबिक वह लखनऊ एयरपोर्ट पर हैंगर विभाग में क्लर्क पद पर तैनात हैं। सुशीला का कहना है कि शुक्रवार सुबह करीब 11:45 बजे वह अपने घर से ड्यूटी पर चली गई। शाम 5:30 बजे जब वापस घर पहुंची और ताला खोलकर अंदर गई तो देखा कि अंदर कमरे में रखी अलमारी और लकड़ी के शोकेस का दरवाजा खुला पड़ा मिला। उनके अंदर रखा सारा सामान बिखरा पड़ा होने के साथ ही सुशीला व उनकी बेटी के कीमती गहने, बैंक की एफडी और पोस्ट ऑफिस की एफडी गायब मिली। सुशील ने आनन फानन इसकी सूचना सरोजनीनगर पुलिस को दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए चोरों का सुराग लग रही है।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया कोतवाली का औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झाँसी। गरौठा तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के पश्चात राजेश एस वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी कोतवाली गरौठा का आकस्मिक निरीक्षण किया ।कोतवाली के अभिलेखों की जांच के पश्चात उन्होंने महिला पुलिस कर्मियों को मिशन शक्ति से संबंधित दिशा निर्देश दिए कोतवाली परिसर एवं भोजनालय मे साफ सफाई की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया प्रांगण में काफी दिनों से रखे हुए वाहनों के निस्तारण के लिए अरुण कुमार पुलिस क्षेत्राधिकारी गरौठा को दिशा निर्देश दिए गए।

## परसोली हत्याकांड के दो अभियुक्तों को पुलिस ने जेल भेजा

अमेठी। कोतवाली अंतर्गत पारसोली गांव में दो दिन पहले हुई मारपीट के दौरान एक युवक की मौत के बाद पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। शनिवार को पुलिस टीम ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। अभियुक्तों के पास से मारपीट में प्रयुक्त डंडा व अन्य सामग्री भी बरामद की है। शनिवार को उ0नि0 रामचेत यादव हमराही देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 261/23 धारा 304 भादवि थाना अमेठी में वांछित दो अभियुक्त अजय कुमार पाण्डेय पुत्र कालिका प्रसाद पाण्डेय निवासी ग्राम परसौली मजरे कटरा फूलकुंवर थाना व जनपद अमेठी उम्र करीब 32 वर्ष व अनिल पाण्डेय पुत्र कालिका प्रसाद पाण्डेय निवासी ग्राम परसौली मजरे कटरा फूलकुंवर थाना व जनपद अमेठी उम्र करीब 26 वर्ष को कालिकन ढाबा, अन्तू-अमेठी रोड तिराहे के पास से समय करीब 09:35 बजे गिरफ्तार किया है ।पूछताछ मे पकड़े गये व्यक्तियों ने बताया कि ह्लहम लोग ने 05 अक्टूबर 2023 को ग्राम परसौली में राम अवतार गुप्ता (मृतक) को डण्डों से मारा-पीटा थाह्व ।अभियुक्त अजय कुमार पाण्डेय की निशानदेही पर दुगार्पुर रोड परसौली मोड़ पर सड़क किनारे झाड़ियों से मारपीट की घटना में प्रयुक्त 01 अदद डण्डा बरामद हुआ ।गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 रामचेत , का0 मो0 राशिद ,का0 शैलेन्द्र यादव, का0 पुष्पराज सिंह शामिल रहे।

## आजादपुर गांव में बनेगा खेल मैदान

तिलोई, अमेठी। सिंहपुर क्षेत्र ग्राम पंचायत आजादपुर में खेल मैदान और सामुदायिक भवन निर्माण स्थल का भूमिपूजन भूमि पूजन किया गया। मनरेगा योजना से होने वाले इस खेल मैदान के निर्माण हेतु भूमि पूजन होने से ग्राम वासी हर्षित हैं, मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान फकीर मोहम्मद उर्फ मिस्टर ने बताया कि आज से ही निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, बहुत ही जल्द गांव के युवाओं को मिलेगा इस खेल मैदान का फायदा मिलना शुरू हो जायेगा ।इस मौके पर ग्राम प्रधान के साथ राजेश कुमार ग्राम विकास अधिकारी, रोजगार सेवक रमेश चंद्र, तकनीकी सहायक धर्मेन्द्र, सदस्य रामबरन गुप्ता, राम शंकर मौर्या, राम प्रकाश मौर्या, सत्यप्रकाश, उमेश मौर्या , जगजीवन, सुरेश आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## दबंगई से पीड़ित महिला ने एस पी से की न्याय और सुरक्षा की गुहार

### शिवगढ़ जलालपुर ग्राम पंचायत के विकास कार्यों को लेकर जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत से बढ़ गया मामला

अमेठी ।ग्राम पंचायत शिवगढ़ जलालपुर में ग्राम पंचायत में विकास कार्यों में कथित धांधली और अनियमितता के मामले को लेकर ग्राम प्रधान और पंचायत चुनाव में उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी आमने सामने हैं। जनसुनवाई पोर्टल पर हुई शिकायत की जांच उपनिदेशक पंचायती राज के पास है। प्रधान पद के प्रत्याशी रहे नंदलाल जायसवाल और उनकी बहू नेहा जायसवाल ने पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय और सुरक्षा की गुहार की है। नेहा जायसवाल का कहना है कि उनकी ग्राम पंचायत के वर्तमान प्रधान विकास सिंह की ओर से की गई दबंगई की शिकायत पुलिस से की थी, इससे नाराज होकर 23 सितम्बर की सुबह विकास सिंह ने उसके घर पहुंचकर मेरे पति और ससुर को भद्दी भद्दी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी।

# बाबा जयगुरुदेव के उत्तराधिकारी को सुनने के लिए उमड़ा जन सैलाब

अमन लेखनी समाचार

तिलोई, अमेठी। अपनी भविष्यवाणियों के लिये सुविख्यात सन्त बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के उत्तराधिकारी एवं जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूज्य पंकज जी महाराज अपने 108 दिवसीय शाकाहार-सदाचार मद्यनिषेध, आध्यात्मिक वैचारिक जनजागरण यात्रा के साथ कल सायंकाल इकतालिसवें पड़ाव के लिये जागृति इण्टर कालेज के मैदान, कुकहा रामपुर पधारे। हजारों की संख्या में घण्टों पूर्व से प्रतीक्षा में खड़े स्थानीय भाई-बहनों एवं बच्चे-बच्चियों ने समस्त काफिला यात्रियों का कलशों, फूलमालाओं, घुड़सवारों तथा आतिशबाजी व वाद्ययन्त्रों के साथ धूमधाम के साथ स्वागत किया। आज यहां सत्संग समारोह का आयोजन हुआ।

अपना सत्संग सन्देश सुनाते हुये पंकज जी महाराज ने कहा कि यह देव दुर्लभ मानव तन जो हमको आपको मिला है यह परमात्मा का सबसे बड़ा वरदान है। उससे भी बड़ा सौभाग्य यह है कि हमको इस शरीर में बैठकर सत्संग सुनने का अवसर मिल रहा है। सत्संग वह जल है जिसमें कौआ स्नान करता है तो वह हंस बनकर निकलता है। मज्जन फल पेखिय तत्काला, काक होहिं पिक बकउ कराला। यह मानस में भी प्रमाण मिलता है। सत्संग वचनों से बालमीकि और अंगुलिमाल जैसे जघन्य अपराध करने वाले दुर्दान्तजनों का जीवन बदल गया और साधु बन गये। इतिहास यह प्रमाण देता है। सत्संग में यह बताया जाता है कि यदि आप वास्तव में देवी-देवता की पूजा अर्चना करना चाहते हैं तो केवल अंतमुर्खी साधना (सुरत शब्द योग मार्ग) से कर सकते हैं। क्योंकि यह कलयुग है। कलयुग में कलयुग की साधना ही फलीभूत होती है। हर युग की साधना अलग-अलग थी। जैसे सतयुग योगी सब विज्ञानी, करि हरि ध्यान तरहिं भव प्राणी। त्रेता विविध यज्ञ नर करहीं हरिहि समर्पि सकल भव तरहीं। द्वापर करि



रघुपति पदपूजा, नर भव तरहिं उपाय न दूजा। कलयुग केवल नाम अधारा, सुमिरि-सुमिरि नर उतरहिं पारा। कलयुग में केवल नाम का आधार है। नाम वह जो पूरे गुरु या सन्तों महात्माओं ने साधना करके सिद्ध कर लिया हो, वही नाम प्रकट होकर देववाणी, ब्रह्मवाणी सुनने में सहायक सिद्ध होता है। नाम को ही शब्द आवाज या कलमा कहते हैं। नाम लेत भवसिंधु सुखाहीं, करहु विचार सुजन मन माहीं। गोस्वामी जी ने रामचरित मानस में नाम की महिमा का विशद वर्णन किया है। यहां तक कहा है कि अगुन सगुन दोउ सुगम नाम तें, कहउँ नाम बड़ ब्रह्म-राम तें। हमारे गुरु महाराज परम सन्त बाबा जयगुरुदेव जी महाराज ने भी साधना करके जयगुरुदेव नाम को जगाया और 10 जुलाई सन् 1952 से इसी जयगुरुदेव नाम का प्रचार जारी किया। अन्तरी भेद (नामदान) देकर सुमिरन, ध्यायन, भजन की युक्ति सिखा कर देश में करोड़ो लोगों को गृहस्थी में रहते हुये भजन कराकर जीवन सुधार दिया। उन्होंने कहा था कि विश्व को शांति इसी जयगुरुदेव नाम से मिलेगी। मौत की पीड़ा में टूटती श्वांस पर भी यदि जयगुरुदेव बोलोगे तो यह नाम मौत की पीड़ा में राहत पहुंचायेगा। दुनिया में गुरु से बड़ा कोई नहीं है। तीन लोक नवखण्ड में गुरु से बड़ा न कोय। कर्ता करै न करि सकै गुरु करैं सो होय। हम उनकी महिमा सुनाने में अपना पूरा जीवन लगा देंगे।

पूज्य पंकज जी महाराज ने वर्तमान में युवा पीढ़ी के नशों की गिरफ्त में आते जाने पर चिन्ता व्यक्त करते हुये कहा कि वर्तमान में इन युवाओं में शिक्षा तो है, डिग्रियाँ भी हैं। आज के समय में शिक्षा बहुत जरूरी हैं। यह हम भी जानते हैं लेकिन शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी जरूरी हैं। संस्कार पड़ते हैं सत्संग के वचनों से, संस्कार पड़ते महात्माओं के संसर्ग से। इसलिये आप जब भी सत्संग में आयें तो अपने बच्चों को भी साथ में लाया करें। हमारी आप प्रबुद्धजनों से यह अपील है कि इन युवाओं को शाकाहारी बनायें, संस्कारवान बनायें तथा किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों से भरसक बचायें। जिससे इनकी आंखों में माँ, बहन, बेटी की पहचान कायम हो सके और एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके ।20से24दिसंबर को मथुरा में होने वाले भंडारे में शामिल होने के लिए सभी प्रेमियों को आमंत्रित किया।

इस अवसर पर संगत रायबरेली अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश कुमार सिंह, ब्लाक अध्यक्ष जग प्रसाद, राम हजूरी, प्रबन्धक जागृति इ. कालेज शीतला प्रसाद पाण्डेय, रामजी तिवारी, सज्जन पाण्डेय, प्रधान अशोक कुमार रावत, रोहित मौर्य, सन्त शरण, अर्जुन सिंह भदौरिया, लखनऊ संगत अध्यक्ष बाबूलाल रावत, ब्लाक अध्यक्ष राजाराम, उमाशंकर यादव, महिला संगत अध्यक्ष श्रीमती किरन यादव, कृष्णावती, बृजेश यादव, मो. ईशा आदि उपस्थित रहे।

सत्संग के बाद जनजागरण यात्रा अपने अगले पड़ाव गढ़ी महाबल प्राइमरी पाठशाला के निकट मैदान ब्लाक सिंहपुर के लिये प्रस्थान कर गई। जहाँ कल (आज) दिन के 11 बजे से सत्संग समारोह निर्धारित है।

खेल मैदान का भूमिपूजन

## संजय गांधी अस्पताल के साथ बाजार की भी लौटी रौन



– ओपीडी सेवा के साथ अन्य सेवाएं बहाल, भारी संख्या में पहुंचे मरीज

अमन लेखनी समाचार

अमेठी । मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल खुलने के बाद शनिवार को मरीजों का आना शुरू हुआ। अस्पताल के साथ ही बाजार में भी रौनक लौट आई है। अस्पताल में पहले दिन भारी संख्या में मरीज दिखाई पड़े। मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल का ताला खुलने के साथ ही न्यायालय के आदेश के क्रम में सीएमओ की ओर से शुक्रवार को संचालन के संबंध में आदेश दिया गया। आदेश मिलने के बाद शनिवार को इमरजेंसी ओपीडी के साथ ही अन्य सभी सेवाएं शुरू हो गई हैं। सुबह से ही मरीज की ओपीडी में भीड़ लगी रही। अल्ट्रासाउंड, एक्स रे, पैथालॉजी, महिला विभाग में मरीजों की संख्या अधिक दिखी। हड्डी व जोड़ रोग विभाग में मरीजों की संख्या अधिक दिखी। अस्पताल खुलने के बाद पहुंचे मरीज का उपचार शुरू होने से वह खुश दिखाई पड़े। संजय गांधी अस्पताल के अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि अस्पताल में सभी सेवाएं बहाल हो गई हैं। ओपीडी में भारी संख्या में मरीज पहुंचे जहां चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया गया। वही पैथोलॉजी समेत अन्य जांच के लिए भी मरीज की भीड़ दिखाई पड़ी। उन्होंने बताया कि अस्पताल संचालित होने से मरीज को अपना इलाज करवाने में अब दिक्कत नहीं आएगी। वह ओपीडी इमरजेंसी समेत अन्य सेवाओं में पहुंचकर अपना इलाज करा सकते हैं।

## इक्कताजपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पर जानलेवा हमला

अमन लेखनी समाचार

शुकुल बाजार, अमेठी। थाना क्षेत्र बाजार शुकुल में विकासखंड मुख्यालय के गेट के सामने आज दोपहर करीब 1:30 बजे अज्ञात हमलावरों ने पहले से घात लगाकर चार पहिया वाहन पर सवार होकर आए थे जैसे ही सुरजीत यादव गेट के बाहर निकल रहे थे कि कुछ समझ पाते इससे पहले हमलावरों ने उनके सर पर गंभीर चोट पहुंचा दी जिससे अचानक ठोकर खाकर जमीन पर गिर पड़े और हमलावरों ने गिरने के बाद उन्हें पीटना शुरू कर दिया क चीख पुकार सुनकर वहां मौजूद कुछ लोग उन्हें छुड़ाने के लिए दौड़े जिससे उनकी जान बच पाई अन्यथा हमलावरों द्वारा अनहोनी होने का अंदेशा था ।सुरजीत यादव की माने तो सफारी सवार 8 से 10 की संख्या में लोग मुझे मारने के लिए पहले से घात लगाकर बैठे थे क आपको बता दें कि वित्तीय अनियमितता में बर्खास्तगी के बाद सुरजीत यादव की मां दोबारा प्रधान बनी है क शपथ ग्रहण के मंत्र 48 घंटे के भीतर सुरजीत यादव के ऊपर जानलेवा हमला अत्यंत घोर निंदनीय है क पुलिस हमलावरों को पकड़ने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज कंगाल



रही है पुलिस का दावा है जल्द ही घटना का खुलासा कर लिया जाएगा क ब्लॉक मुख्यालय से निकल रहे नवनिर्वाचित इक्का ताजपुर प्रधान के पुत्र पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया। टाटा सफारी से आए हमलावर युवकों ने प्रधान के पुत्र को लाठी व डंडों से जमकर पीटा। परिचतो ने घायल अवस्था में युवक को अस्पताल लाया गया, ।घायल प्रधान पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है ।बताया जा रहा है कि एककाताजपुर की ग्राम प्रधान की शपथ ग्रहण का अभी 24 घंटे नहीं बीता। बाजार शुकुल ब्लॉक के इक्काताजपुर के पूरे पाण्डेय

गांव निवासी सुरजीत यादव की पत्नी विमला देवी प्रधान रह चुकी हैं ।जिनके बर्खास्त होने के बाद उप चुनाव में सुरजीत यादव की माँ कलावती प्रधान निर्वाचित हुई ।जिनका बीते शुक्रवार को शपथ ग्रहण हुआ है ।शनिवार को ग्राम प्रधान के पुत्र सुरजीत यादव ग्राम पंचायत के कुछ कार्य हेतु ब्लाक मुख्यालय बाजार शुक्ल आया था ।जहाँ से घर को वापस निकलते समय ब्लाक गेट के बाहर पहले से खडे अज्ञात आठ दस लड़के गेट से निकलते ही अचानक गाली देते हुए मुझे पाइप व लात-घूसा से मारने पीटने से मोटर साइकिल सहित जमीन पर गिर जाने पर व लोगो के रोकने पर उक्त लोग सफेद रंग की टाटा सफारी गाड़ी से भाग गए। परिचित लोगों ने घायल अवस्था में युवक को अस्पताल लाया गया। परिजनों का आरोप है कि राजनीतिक रंजिश के चलते ही घटना को अंजाम दिया गया है। हालांकि हमलावरों की पहचान नहीं हो पाई है। इस घटना से नाराज ग्रामीणों ने थाने का घेराव कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया ।एसओ अवनीश कुमार चौहान द्वारा त्वरित कार्रवाई का आश्वासन देने पर ग्रामीण वापस लौटे।

### बोले थानाध्यक्ष

इस संबंध में थानाध्यक्ष अवनीश कुमार चौहान का कहना है कि मुकदमा पंजीकृत कर मामले की आसपास लगी सीसीटीवी कैमरा की मदद से जांच पड़ताल की जा रही है।

### सुरजीत ने उठाया है पंचायतों में घोटाले का मामला

सुरजीत यादव ने जिले की ग्राम पंचायतों में हुए भ्रष्टाचार का मामला उठाया था। जिसके बाद कई सचिवों व एडीओ पंचायत पर कार्रवाई हो रही है। सुरजीत की मानें तो उन पर हमला विद्वेष के चलते हुआ है। उन्होंने डीएम से सुरक्षा की मांग की है।

## कल्चरल डांडिया नाइट्स के लिए डांडिया क्लासेस का हुआ शुभारंभ

### महिलाओं ने जमकर बहाया पसीना

अमन लेखनी समाचार

झांसी। शारदीय नवरात्र के शुभ अवसर पर संघर्ष महिला संगठन के तत्वाधान में 18 अक्तूबर 2023 को कल्चरल डांडिया नाइट्स का आयोजन किया जा रहा है, यह कल्चरल डांडिया नाइट्स बुंदेलखंड का अब तक का सबसे बड़ा कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में बॉलीवुड जगत की जानी-मानी हस्ती अदाकारा महिमा चौधरी, फिल्म बजरंगी भाईजान में बाल कलाकार के रूप में शानदार का प्रदर्शन करने वाली हर्षाली मल्होत्रा (मुन्नी), मशहूर पंजाबी गायक नवजोत सिंह, टीवी जगत का विख्यात कार्यक्रम एमटीवी रोडीज से दिग्विजय राठी, एलिस गिरी, डी०जे० अकीरा, मशहूर गायिका सोनाली मिश्रा, डांस इंडिया डांस के माध्यम से लोगों के दिलों में जगह बनाने



वाले दिव्यांग डांसर कमलेश पटेल सहित बॉलीवुड से कई मशहूर यूट्यूबर, एवं ग्रुप डांसर सम्मिलित होंगे। कल्चरल डांडिया नाइट्स की तैयारी को लेकर डांसर एवं कोरियोग्राफर अमर चिक ने डांडिया क्लासेस का किया शुभारंभ, डांडिया क्लासेस के प्रथम दिन पर अमर चिक ने डांडिया की धुन पर सैकड़ो महिलाओं को जमकर अभ्यास कराया। कल्चरल डांडिया नाइट्स को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया। डांडिया क्लासेस में महिलाओं ने डांडिया के स्टेप सीखे तो वहीं महिलाओं ने जमकर पसीना बहाया। इस अवसर पर संघर्ष महिला संगठन के अध्यक्ष सपना संदीप सरावगी ने कहा कि संघर्ष महिला संगठन की सभी महिलाएं कल्चरल डांडिया नाइट्स को लेकर काफी उत्साहित है, डांडिया नाइट्स के शुभारंभ के पहले दिन हम सभी ने जमकर अभ्यास किया। कोरियोग्राफर डांसर अमर चिक ने बारीकी से डांडिया के स्टेप। आगे कहा कि इस आयोजन में सपना संदीप सरावगी ने कहा कि इस अवसर पर संघर्ष महिला संगठन से वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोनिया सिंह, उपाध्यक्ष रचना कुदरिया, महासचिव शैफाली अग्रवाल, सचिव सिमरित जज्ञासी, प्रोग्राम डायरेक्टर कल्पना पटेरिया, डायस मेंबर नंदिनी गौर, भारती खंडेलवाल, प्रिया सेठ, अंजलि अग्रवाल, अजुर्नी अग्रवाल, कशिश अग्रवाल, अमृता बंसल, दिव्या भोगल, प्रेरणा सहवानी, डॉ० पारूल गुप्ता, प्रियंका नचोला, लवली गुप्ता, निधि अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, प्रेरणा हजेला, रक्षा शर्मा, कल्पना पटेरिया, डॉ० मोनिका गोस्वामी, चांदनी हयारन, अंजलि त्रिपाठी, वर्षा त्रिपाठी, शिल्पी चावला, अंकिताअग्रवाल, सिल्की तिवारी, आकांक्षा अग्रवाल, सिल्की अग्रवाल, ओमनी राय, करण सहवानी उपस्थित रहीं।

## गो आश्रय स्थल चेतरा बुजुर्ग का जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया स्थलीय निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

तिलोई, अमेठी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र व पुलिस अधीक्षक डा. इलामारन जी ने आज तहसील तिलोई में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत गो आश्रय स्थल चेतरा बुजुर्ग का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पशु आहार की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली एवं सभी गोवंशों को प्रतिदिन चारे के साथ 500 ग्राम पशु आहार खिलाने के निर्देश दिए साथ ही कमजोर गोवंशों पर विशेष ध्यान देकर उनकी स्वास्थ्य स्थिति सुधारने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी को बीमार गोवंशों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने एवं कमजोर गोवंशों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने गो आश्रय स्थल पर भूसा व पर्याप्त साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश



संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जेपी सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, खंड विकास अधिकारी तिलोई विजय अस्थाना सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## सीएम योगी ने बद्रीनाथ मंदिर में किया दर्शन पूजन

### तीन दिनी उत्तराखंड दौरे पर है सीएम योगी, देश के प्रथम गांव माणा भी पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ

### भारत-चीन बॉर्डर पर पहुंचे योगी, जवानों से मिलकर बढ़ाया हौसला

अमन लेखनी समाचार



देहरादून/लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने उत्तराखंड दौरे के दूसरे दिन पवित्र बद्रीनाथ धाम में दर्शन-पूजन किया। सीएम योगी देर शाम बद्रीनाथ धाम की शयन आरती में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने यहां विधि विधान से दर्शन पूजन करने के साथ ही प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। इससे पहले उन्होंने भारत के प्रथम गांव में माणा का भी दौरा किया। इसके अलावा वह 13,200 फीट की ऊंचाई पर चीन बॉर्डर के पास घस्तौली चौकी भी गये, जहां तैनात आईटीबीपी के जवानों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया और कुशलक्षेम पूछा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मध्य क्षेत्रीय परिषद् की बैठक में शामिल होने शुक्रवार से ही उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरे पर है। शनिवार को सीएम ने यहां टिहरी के नरेन्द्र नगर में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद् की बैठक में हिस्सा लिया। उसके बाद उन्होंने उत्तराखंड के विभिन्न इलाकों का दौरा किया। सीएम योगी ने मां अलखनंदा की जलधारा को स्पर्श-नमन करते हुए उसका आचमन किया। वहीं उन्होंने बद्रीनाथ धाम में बन रहे उत्तर प्रदेश स्टेट गेस्ट हाउस का भी निरीक्षण किया। सीएम योगी ने यहां निर्माण श्रमिकों से भी मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री रुद्रप्रयाग जिले में स्थित पवित्र केदारनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करने जा सकते हैं।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ समाधान दिवस

### फरियादियों की लगी लम्बी लाइन

अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झाँसी। शनिवार को तहसील सभागार गरौठा में जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी फरियाद लेकर पहुंचे ।समाधान दिवस में राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा ,पुलिस, विकास व अन्य विभागों से संबंधित संबंधित कुल 73 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर 6 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया गया ।जिलाधिकारी ने शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के/अधिकारियों/ कर्मचारियों को सौपते हुए शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये। मीडिया से बात करते हुए जिलाधिकारी ने कहा की सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए लोगों तक सरकार की योजनाओं का लाभ





पहुंचाया जायेगा ।इस दौरान किसान यूनियन ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा ।वही ग्रामीण पत्रकार संघ के पत्रकारों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए गरौठा में पत्रकार भवन बनवाये जाने की मांग की ।ग्राम चतुरताई निवासी दिव्यांग तुलसीदास ने स्वयं व अपनी दिव्यांग बेटी की पेंशन व आवास बनवाये जाने की गुहार लगाई ।वही ग्राम सगौली निवासी मथुरा प्रसाद ने अवैध कब्जा हटवाए जाने के संवंध में, ग्राम कैरोखर निवासी गणेश प्रसाद ने आवास दिलवाये जाने के संवंध में, ग्राम ककरवई निवासी रामकुमार तिवारी ने मस्टर रोल पर फर्जी हस्ताक्षरों की जांच करवाए जाने के संवंध में प्रार्थना पत्र दिया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरौठा द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर राहुल गुप्ता व डॉक्टर विवेक सोनी द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी श्वेता साहू, पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार, सहित सर्किल के थानों के थानाध्यक्ष एवं अन्य सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# एंटरटेनमेंट, थ्रिल और सस्पेंस का मिशन 'सक्सेसफुल'

**मुंबई।** अक्षय कुमार के बारे में एक मीम काफी वायरल रहता है। वो ये कि जो भी देश में कोई घटना होती है, अक्षय फौरन उस पर अपनी फिल्म की कॉपीराइट ले लेते हैं। अक्षय कुमार की यह फिल्म 'मिशन रानीगंज' भी एक भारत रेस्क्यू केस पर आधारित है। हालांकि, यह कहानी आज की नहीं, बल्कि 90 के दशक में एक कोल माइन्स ऑफिसर जसवंत सिंह गिल जो कैप्सुल सिंह गिल के नाम से चर्चा में आए थे, उनकी बहादुरी पर है। रानीगंज स्थित कोल माइन्स के अंदर पानी का पाइप फटने की वजह से लगभग 70 मजदूर फंस जाते हैं। इस पूरे प्रकरण में माइन्स ऑफिसर जसवंत सिंह गिल अपनी बहादुरी और सूझबूझ से फंसे मजदूरों को निकलवाते हैं।

लाइफ Style

# श्रद्धा कपूर की जिंदगी में फिर लौटा प्यार



एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर उन एक्ट्रेसेज की लिस्ट में शुमार हैं, जो अपनी निजी जिंदगी को लाइमलाइट से दूर रखने की कोशिश करती हैं। उनकी लव लाइफ के किस्से कम ही मीडिया में सुनने को मिलते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो उन्होंने चार साल तक सेलिब्रिटीज फोटोग्राफर रोहन श्रेष्ठ को 'तू झूठी, मैं मक्कार' एक्ट्रेस ने डेट किया है। हालांकि, बीते साल 2022 में दोनों की राहें अलग हो गयीं।

अब एक लंबे समय बाद श्रद्धा कपूर एक बार फिर से अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में आ चुकी हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो उनकी लाइफ में एक नए शख्स की एंट्री हुई है। हाल ही में इंस्टाग्राम अकाउंट पर श्रद्धा कपूर की डेटिंग की जानकारी शेयर हुई है।इसके अनुसार श्रद्धा कपूर पिछले काफी समय से फिल्म राइटर राहुल मोड़ी को डेट कर रही हैं। आपको बता दें कि राहुल इंडस्ट्री के लोकप्रिय राइटर्स में से एक हैं। उन्होंने श्रद्धा कपूर की लास्ट रिलीज फिल्म 'तू झूठी, मैं मक्कार' की स्क्रिप्ट भी लिखी थी।

इस फिल्म के अलावा राहुल निर्देशक लव रंजन की कई फिल्मों, जैसे- प्यार का पंचनामा, सोनू के टीटू की स्वीटी जैसी फिल्मों की भी स्क्रिप्ट लिखी थी। सोशल मीडिया पर श्रद्धा कपूर की जिंदगी में नया प्यार आने के बाद यूजर्स अलग-अलग तरह की प्रतिक्रिया जाहिर कर रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर्स श्रद्धा कपूर की डेटिंग की खबर सामने आने के बाद तरह-तरह की प्रतिक्रिया जाहिर कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, अगर वह किसी को डेट कर रही हैं, तो आप लोगों को क्या दिक्कत है। वह हैंडसम और बहुत प्यारा इंसान है, उन्हें डेट करने दो।

हॉलीवुड मसाला



# एली रोथ की फिल्म का ट्रेलर जारी

**लॉस एंजिलिस।** एली रोथ के आगामी निर्देशन 'ब्लडी थैंक्सगिविंग' का ट्रेलर ऑनलाइन जारी किया गया है। यह फिल्म 17 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। रहस्य से भरी फिल्म 'ब्लडी थैंक्सगिविंग' ऐसे हत्यारे का अनुसरण करती है, जो ब्लैक फ्राइडे दंगे के दुखद अंत के बाद प्लायमाउथ, मैसाचुसेट्स को आतंकित करता है। सच्चे रोथ ट्रेंड में, ट्रेलर भयानक मजा पेश करता है। रॉबर्ट रोड्रिग्ज और क्वेंटिन टारनटिनो की वर्ष 2007 की डबल फीचर ग्रिंडहाउस में प्रस्तुत मॉक ट्रेलर के आधार पर, फीचर-लेंथ फिल्म तुर्की दिवस के मौके पर यानी 17 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# पर्दे पर लाएगी मार्टिन जूनियर की कहानी

**लॉस एंजिलिस।** यूनिवर्सल पिक्चर्स, मार्टिन लूथर किंग जूनियर की कहानी को फिल्म के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने की तैयारी में जुट गया है। स्टूडियो ने जोनाथन ईग की समीक्षकों के जरिए प्रशंसित जीवनी 'किंग: ए लाइफ' को अनुकूलित करने के अधिकारों का विकल्प चुना है। क्रिस रॉक इसके निर्देशन और निर्माण के लिए अंतिम बातचीत कर रहे हैं। वहीं, स्टीवन स्पीलबर्ग इस प्रोजेक्ट के कार्यकारी निर्माता होंगे। मार्टिन लूथर किंग जूनियर की बायोपिक का निर्माण एंबलिन पार्टनर्स द्वारा किया जाएगा, जिसमें क्रिस्टी मैकोस्को क्राइगर रॉक के साथ निर्माता के रूप में काम करेंगी। किंग: ए लाइफ एक बड़ी बेस्टसेलर रही है, और इसे राष्ट्रीय पुस्तक पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है।



# नेशनल अवॉर्ड मिलने पर मां को नहीं हुआ यकीन

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन लाखों-करोड़ों लोगों के दिल में बसती हैं. फिल्म 'मिमी' के लिए एक्ट्रेस को नेशनल अवॉर्ड से नवाजा गया था। एक्ट्रेस की लाइफ का यह बेस्ट मोमेंट रहा। पर क्या आप जानते हैं कि जब नेशनल अवॉर्ड के लिए कृति सेनन के पास मिनिस्ट्री से कॉल आई थी तो उनका कैसा रिएक्शन था? हाल ही में कृति ने इसके बारे में बताया। कृति ने बताया कि अवार्ड मिलने के समय मां सलून गई थी और हेयरवॉश करवा रही थीं। मैंने उन्हें बताया कि मैंने नेशनल अवॉर्ड जीता है तो उन्होंने कहा कि ऐसे ही तो नहीं फोन कर दिया तुम्हें किसी ने? तुम सच कह रही हो क्या? मैंने कहा कि मुझे मिनिस्ट्री से कॉल आई। मम्मी ने कहा कि अच्छा, मैं आती हूं घर पर। एकदम ठंडा रिप्लाई देकर उन्होंने फोन रख दिया।



# सबसे खतरनाक होगा 'टाइगर' का मिशन

**मुंबई।** सलमान खान 6 साल बाद फिर से 'टाइगर' बनकर बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए एकदम तैयार बैठे हैं। जब से 'टाइगर' की तीसरी किश्त का ऐलान किया गया है, फिल्म को लेकर जबरदस्त क्रेज बना हुआ है। हाल ही में, मूवी के टीजर ने धमाका कर दिया था। अब फैंस मूवी के ट्रेलर के इंतजार में बैठे हैं। इस बीच सलमान खान ने फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ाने के लिए 'टाइगर 3' से जुड़ा एक अपडेट शेयर किया है। सलमान ने बताया है कि उनकी आगामी फिल्म में एक्शन इतना जबरदस्त होगा कि ऑडियंस की आंखें फटी रह जाएंगी। सलमान ने कहा, लोगों ने 'एक था टाइगर', 'टाइगर जिंदा है' और वाआरएफ स्पाई यूनिवर्स की कई फिल्में देखी हैं। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि इस बार कुछ नया और यूनिक हो।

टीवी मसाला

# *ऐश्वर्या ने दिया 'बिग बॉस 17' में जाने का हिंट*




**मुंबई।** 'गुम है किसी के प्यार में', रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 13' और 'स्मार्ट जोड़ी' से घर-घर में अपनी पहचान बना चुकी छोटे पर्दे की एक्ट्रेस ऐश्वर्या शर्मा आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस के साथ अक्सर अपनी कई वीडियो और तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। ऐश्वर्या शर्मा को लेकर ऐसी खबरें आ रही हैं कि वह जल्द ही सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस 17' का हिस्सा बन सकती हैं। इन्हीं खबरों के बीच अब एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। यह वीडियो देखने के बाद यूजर्स इसे बिग बॉस में आने का हिंट मान रहे हैं।

# एक-दूसरे के रोमांस में डूबे मनीषा रानी-एल्विश

**मुंबई।** मनीषा रानी और एल्विश यादव 'बिग बॉस ओटीटी 2' के सबसे पसंदीदा कंटेस्टेंट्स में से एक हैं। फैंस को उनकी जोड़ी इतनी पसंद है कि लोगों ने उनका निकनेम 'एल्विशा' रख दिया है। बिग बॉस के खत्म होने के बाद फैंस दोनों को एक साथ देखने के लिए बेताब थे। अब फाइनली फैंस की विश पूरी हुई। जल्द ही दोनों का म्यूजिक वीडियो भी आने वाला है। मनीषा रानी कुछ दिन पहले ही एल्विश यादव के साथ म्यूजिक वीडियो की शूटिंग के लिए मुंबई से चंडीगढ़ गई थीं। मनीषा और एल्विश ने अपने आगामी प्रोजेक्ट के लिए शूटिंग भी शुरू कर दी। म्यूजिक वीडियो से दोनों की पहली झलक सामने आई है।



# रियल लाइफ हीरो बने गुरमीत सीपीआर देकर बचाई जान

**मुंबई।** टीवी के जाने-माने अभिनेता गुरमीत चौधरी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक्टर जमीन पर गिरे एक शख्स को सीपीआर देते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा एक्टर दूसरे लोगों को भी मदद करने के लिए बुलाते भी नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद उनके व्यवहार को देखकर लोग एक्टर की तारीफ कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर गुरमीत चौधरी के फैंस उनके इस वायरल हो रहे वीडियो पर लाइक और कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'बहुत बढ़िया गुरमीत भाई', दूसरे यूजर ने कमेंट करते हुए कहा, 'हर एक्टर को एक्टर बाद में पहले इंसान होना चाहिए।' बता दें कि गुरमीत चौधरी ने टीवी शो 'रामायण' में श्री राम का किरदार निभाया था। अपने अभिनय से उन्होंने फैंस का दिल जीत लिया था। इसके बाद उन्होंने 'गीत हुई सबसे पराई' में मान सिंह खुराना का किरदार निभाया। इसके अलावा एक्टर कृतिका सेंगर के साथ 'पुन्नर विवाह' में भी नजर आए।



# क्लिनिक के बाहर स्पॉट हुए रणबीर कपूर

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर शुक्रवार को मुंबई में क्लिनिक के बाहर स्पॉट हुए। रणबीर कपूर इस दौरान अपनी लग्जरी कार से बाहर निकलते हुए दिखे। ईडी समन के बीच रणबीर कपूर को मुंबई में देख लोग चौंक गए। दरअसल, 6 अक्टूबर को प्रवर्तन निदेशालय ने एक्टर रणबीर कपूर को बेटिंग एप केस में पूछताछ के लिए बुलाया था। जहां फिल्म स्टार को जाना था। हालांकि एक्टर वहां नहीं पहुंचे हैं। सुपरस्टार रणबीर कपूर को हाल ही में ईडी ने समन किया था। एक्टर रणबीर कपूर को ईडी ने महादेव बेटिंग ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल से जुड़े एक मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूछताछ के लिए बुलाया है।



# मौनी की लेटेस्ट तस्वीरों ने मचाया हंगामा

**मुंबई।** जब भी बात बी-टाउन की ग्लैमरस और बोल्ड अभिनेत्रियों की आएगी तो उसमें मौनी रॉय का नाम जरूर लिया जाएगा। पर्दे पर अपनी अदाकारी और सोशल मीडिया पर ग्लैमरस अवतार, मौनी ने दोनों चीजों से फैंस का दिल जीता है। उनके स्टाइल स्टेटमेंट के तो लोग दीवाने हैं। मौनी रॉय को इंडस्ट्री में डेढ़ दशक से ज्यादा का वक्त हो गया है। पहले एक्ट्रेस ने टीवी पर राज किया और अब बॉलीवुड व ओटीटी प्लेटफॉर्म पर पैर जमाने की कोशिश कर रही हैं। फैशन के मामले में मौनी का कोई तोड़ नहीं है। बोल्ड से बोल्ड आउटफिट हो या फिर संस्कारी अवतार, मौनी हर लुक में खुद को फिट करना जानती हैं। उनका हालिया लुक भी फैंस के बीच छा गया है।'नागिन' फेम एक्ट्रेस मौनी रॉय ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शुक्रवार को कई गॉर्जियस फोटोज शेयर की हैं। तस्वीरों में अभिनेत्री गोल्डन शिमरी ड्रेस में हसीन लग रही हैं।



# ज्यादा मीठा खाते हैं तो उम्र से पहले ही दिखने लगेंगे बूढ़े

*दुनियाभर में तेजी से बढ़ती क्रोनिक बीमारियों, पर्यावरणीय नकारात्मक स्थितियों के कारण इंसानों की औसत आयु कम होती जा रही है। साल 2020 तक भारत में लाइफ एक्सपेक्टेंसी 69.73 साल रह गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिस प्रकार से वैश्विक स्तर पर संक्रामक रोगों का जोखिम बढ़ा है, इसका भी हमारी उम्र और त्वचा पर असर देखा जा रहा है, इसके अलावा लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी भी एक बड़ा जोखिम कारक है।*

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा, लंबी आयु चाहते हैं तो जरूरी है कि इसके लिए निरंतर प्रयास किए जाते रहें। हमारी जीवनशैली की कई चीजें न सिर्फ लाइफ एक्सपेक्टेंसी को कम कम कर रही हैं साथ ही शरीर को इस प्रकार से नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रही हैं जिससे काम उम्र उम्र में ही बूढ़े दिखने लग सकते हैं। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि अधिक चीनी खाने और तनाव के शिकार लोगों में इस तरह के जोखिम अधिक देखे जा रहे हैं।

## तनाव आपको बनाती बूढ़ा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सिर्फ ज्यादा चीनी खाना ही नहीं, अगर आपका स्ट्रेस लेवल भी अधिक है तो ये स्थिति भी जल्दी उम्र को बढ़ाने वाला कारक हो सकती है। तनाव की स्थिति पहले तो गुड हार्मोन के स्तर को प्रभावित करती है, साथ ही लंबे समय तक तनाव का शिकार रहने के कारण कोशिकाओं में सूजन और डीएनए को क्षति भी पहुंचती है, ये स्थितियां उम्र बढ़ने की गति को तेज कर देती है। ज्यादा स्ट्रेस लेना मानसिक स्वास्थ्य के साथ शारीरिक समस्याओं का भी बड़ा जोखिम कारक है।



## ज्यादा मीठी चीजें नुकसानदायक

ज्यादा मीठी या चीनी का सेवन करने को हाई ब्लड शुगर और डायबिटीज का प्रमुख जोखिम कारक माना जाता रहा है। पर क्या आप जानते हैं कि ये सिर्फ डायबिटीज ही नहीं आपकी एजिंग को भी बढ़ाने वाली हो सकती है। हमारी त्वचा कोलेजन और इलास्टिन से बनी होती है, जो इसे कोमल और मुलायम बनाती है। जब आप चीनी ज्यादा खाते हैं तो ये कोलेजन के क्रॉस-लिंकिंग का कारण बनती है, जिसके परिणामस्वरूप हमारी त्वचा सख्त हो जाती है और इसकी लोच कम हो जाती है। आप जितना अधिक चीनी खाते हैं, ये त्वचा के लिए उतनी ही नुकसानदायक हो सकती है।

## *कैसे कम करें ये जोखिम?*

*एक बातचीत में लखनऊ स्थित मेडिकल इंस्टीट्यूट में इंटर्नल मेडिसिन के डॉक्टर अभिनव शिखर बताते हैं, अगर आप बढ़ती उम्र को कंट्रोल में रखना चाहते हैं तो इसके लिए जरूरी है कि सबसे पहले अपनी लाइफस्टाइल और आहार को ठीक कर लें। अधिक चीनी और नमक दोनों की मात्रा अपने आहार में कम करें, इसके अलावा विटामिन सी-डी वाली चीजों की मात्रा को बढ़ाना भी जरूरी है।*

## *नियमित व्यायाम सबसे कारगर एंटी-एजिंग*

*डॉक्टर बताते हैं, त्वचा की बढ़ती उम्र के रोकना चाहते हैं या फिर लंबी आयु चाहते हैं तो इसके लिए सबसे कारगर तरीका है कि आप दिनचर्या में नियमित रूप से व्यायाम को शामिल करें। रोजाना करीब 40 मिनट का व्यायाम-जंपिग या योग आपको शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने में मदद करती है जो सीधे तौर पर आपमें गुड हार्मोन्स का स्तर बढ़ाती है और ये आपके लिए एंटी-एजिंग सबसे कारगर एंटी-एजिंग हो सकती है।*